रोहतक

गुरुवार 5 नवंबर 2026

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 273
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा

अधि. 32.7°C
न्यून. 13.0°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 तूफानी रफ्तार और 'किंग' कोहली का जलवा, न्यूजीलैंड पांच विकेट से पस्त

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न. पेश है तमिलनाडु के **रुबेशकुमार टी** की **तंजौर कला.**

Hero

Hero

भरोसा
सोने सा खरा

धनतेरस की शुभकामनाएँ

Splendor+

Destini

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹2500~तक

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000^तक SBI card HDFC BANK pine labs

एक्सचेंज बोनस ₹5000~तक

कम डाउन पेमेंट ₹4999^से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. @Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; **Ambala City:** Dhruv Hero- 9289922868; **Assandh:** Sandhu Hero- 9996571157; **Bahadurgarh:** Satvik Hero- 9289922550 **Bhiwani:** Jaya Hero- 9289922056; **Ellenabad:** Ajit Hero- 9289922505; **Fatehabad:** Shri Balaji Hero- 9289922057; **Gharaunda:** Laxmi Hero- 9289922433; **Gohana:** Krishna Hero- 9289923026; **Hisar:** Chaudhary Hero- 9289922049, Vikrant Hero- 9289923082; **Jhajjar:** Pushkar Hero- 9289923147; **Jagadhari:** Khanna Hero- 9289922050; **Jind:** National Hero - 9289922061; **Kaithal:** Chaudhary Hero- 9289922062; **Karnal:** Nirmal Hero- 9289922048; **Kurukshetra:** VPS Hero- 9289922988; **Ladwa:** Khanna Hero- 9289922063; **MandiDabwali:** Karan Hero- 9289922490; **Nuh:** Sunil Hero- 9289923087; **Narnaul:** Autodeals Hero- 9289922058; **Narwana:** Narwana Hero- 9289923101; **Palwal:** DevVaahan Hero- 9289922877; **Panipat:** Kadian Hero- 9289923182, Sahib Hero- 9289922059; **Pehowa:** Saraswati Hero- 9289922393; **Panchkula:** Regent Hero- 9289923161; **Rewari:** Virendra Hero- 9289922060; **Rohtak:** Shivam Hero- 9289922047; **Sirsa:** Khanna Hero- 9289923195; **Sonipat:** Madaan Hero - 9289922865; **Yamuna Nagar:** Rohit Hero- 9289922394; **Hansi:** Sunil Motors- 9821744694; **Gurugram:** Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, **Badshahpur:** Himgiri Hero- 9289923046, **Basai Road Sector 11:** Sharma Hero- 9289923221, **Mehrauli Rd Sector 15:** Autoneeds Hero- 9289922051, **Rajeev Chowk:** Jasodha Hero- 9289922495, **Wazirabad:** Himgiri Hero- 9289924247, **Railway Road:** Himgiri Hero- 9289924248; **Sohna:** No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; **Faridabad:** Sehgal Hero- 9289922419, **NIT:** Sehgal Hero- 7217627327, **Neelambata Road:** VPS Jindal Motors, 9289235889.

Cheil 33547/26

एक्शन मोड में सीएम सैनी, गुरुग्राम परिवेदना समिति की बैठक में दिए निर्देश

एक्सईएन-पटवारी सस्पेंड, इंजीनियर व इंस्पेक्टर की सैलरी काटने के आदेश

ड्यूटी में लापरवाही पर दो अधिकारियों की पोस्टिंग एनसीआर से बाहर करने के निदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



मुख्यमंत्री नायब सैनी बुधवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में एक्शन मोड में नजर आए। लोगों की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने पटवारी मंदीप हुड्डा को सस्पेंड कर दिया। पटवारी पर काम में गड़बड़ी और सेवानिवृत्त चीफ मेडिकल ऑफिसर की बेटी से दुर्व्यवहार के आरोप लगे हैं। वहीं मुख्यमंत्री के आदेश पर नगर निगम के एक्सईएन सुंदर श्योराण को लापरवाही के मामले में सस्पेंड कर दिया गया। 3 दिन पहले ही निगम कमिश्नर प्रदीप दहिया ने यूएलबी डिपार्टमेंट में श्योराण के खिलाफ चार्जशीट करने की शिफारिश की थी। श्योराण ने स्वीपिंग मशीनों को हैंडओवर सही से नहीं किया था। उनके पुर्जे तक गायब थे। इसके साथ ही सीएम ने प्रॉपर्टी आईडी में लापरवाही पर नगर परिषद पटौदी-जटौली मंडी के म्युनिसिपल इंजीनियर और बिल्डिंग इंस्पेक्टर पर भी कार्रवाई की। दोनों की तीन महीने की आधी सैलरी काटने के आदेश जारी किए। वहीं, मुख्यमंत्री ने सड़क मरम्मत में लापरवाही बरतने पर के अधिकारी का एक महीने का वेतन काटने के निर्देश दिए। परिवेदना समिति की बैठक में एडवोकेट राजेश कुमार ने बैठक में बताया कि सेक्टर-7 निवासी रितूल यादव के पिता डॉ. केसी यादव सीएमओ पद से रिटायर्ड थे। उनके निधन के बाद रितूल अपनी मां और भाई के साथ वारिसान सर्टिफिकेट बनवाने गई थी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में प्रॉपर्टी ट्रांसफर के लिए यह सर्टिफिकेट मांगा गया था।

उन्होंने बताया कि जब रितूल पटवारी मंदीप हुड्डा के पास पहुंची तो उन्होंने परिवार को व्यक्तिगत तौर पर जानने से इनकार कर दिया। आरोप है कि पटवारी ने उनके साथ सही व्यवहार नहीं किया। इसके बाद एडवोकेट राजेश और पीड़ित परिवार ने बैठक में शिकायत रखी। कई अन्य लोगों ने भी पटवारी के व्यवहार को लेकर शिकायत दी। शिकायत सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने पटवारी मंदीप हुड्डा को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। वहीं प्रॉपर्टी आईडी के मामले में लापरवाही बरतने पर सीएम नायब सैनी ने नगर परिषद पटौदी-जटौली मंडी के एमई और बिल्डिंग इंस्पेक्टर का अगले तीन महीने तक 50% वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही दोनों की पोस्टिंग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर करने को कहा। वहीं, सड़क मरम्मत के काम में लापरवाही की शिकायत पर पीडब्लयूडी के संबंधित अधिकारी का एक महीने का वेतन काटने के निर्देश दिए। बुधवार को हुई बैठक में कुल 15 शिकायतें रखी गईं। इनमें से 11 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि बाकी 4 मामलों में जांच पूरी कर अगली बैठक तक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। वहीं, अंसल बिल्डर की जमीन पर पावर हाउस बनाने के भी निर्देश दिए।

2000 करोड़ से 400 स्कूलों के नए भवन बनेंगे

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की योजना को मंजूरी दी गई है। इसके तहत दिसंबर 2027 के अंत तक 400 से अधिक सरकारी स्कूलों को नए भवन उपलब्ध करवाए जाएंगे। सरकार का प्रयास है कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं मिलें।

राहुल पर पलटवार, बहस के लिए संसद उपयुक्त मंच

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली बहस की चुनौती देने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार से सवाल पूछने और उसे जवाबदेह बनाने के लिए संसद ही सबसे उपयुक्त मंच है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब संसद में चर्चा का अवसर मौजूद है, तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री को टेलीविजन स्टूडियो में बहस के लिए क्यों बुला रहे हैं। सैनी ने बुधवार को एक सोशल मीडिया मंच पर कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी को संसद में सवाल पूछने, बहस में हिस्सा लेने और सरकार को जवाबदेह ठहराने का पूरा अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि राहुल देश को भटकाने का प्रयास कर रहे है।

एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा हैफेड के चेयरमैन नियुक्त



चंडीगढ़। प्रदेश सरकार ने जींद के एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा को हरियाणा स्टेट कोआपरेटिव सप्लाई एंड मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (हैफेड) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। साथ ही मैनेजिंग कमेटी (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) में सरकारी नामित सदस्य भी बनाया गया है। सतबीर शर्मा मूलरूप से डाहौला गांव के रहने वाले हैं और जींद जिला अदालत में प्रैक्टिस करते हैं। पिछले 16 साल से भाजपा से जुड़े हुए हैं। उनके पिता सतबीर शर्मा आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। चेयरमैन नियुक्त होने पर वीरेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व, संगठन के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करेंगे।

कार्यालय नगर निगम सोनीपत

कृषि भूमि की काश्त हेतु खुली बोली बारे सूचना

सर्वसाधारण को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर निगम सोनीपत, नगर निगम की सीमा में स्थित गाँवों की नगर निगम की कृषि योग्य भूमि को वर्ष 2026-2027 व वर्ष 2027-2028 के लिए 1 वर्ष 6 माह के लिए काश्त हेतु पट्टे पर देना चाहता है। पट्टे पर दी जाने वाली भूमि की खुली बोली दिनांक 06/11/2026 को सुबह 11:00 बजे कार्यालय नगर निगम सोनीपत में आयोजित की जाएगी।

अतः सभी इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर आकर खुली बोली में भाग ले सकते हैं। जिन गाँवों में स्थित भूमि की बोली करवाई जाएगी उनका विवरण इस प्रकार है :-

क्रमांक	गाँव का नाम	प्लाट नं	बोली की तिथि तथा दिन
1	जगदीशपुर	1, 3, 4, 5	06.11.2026 (शुक्रवार)
2	मुरथल पार्ट	1, 5	06.11.2026 (शुक्रवार)
3	देवडू	1, 2, 3	06.11.2026 (शुक्रवार)
4	लिवान	1, 2	06.11.2026 (शुक्रवार)
5	जाट जोशी	2, 2 (A), 3	06.11.2026 (शुक्रवार)
6	रेवली	1, 2, 3	06.11.2026 (शुक्रवार)
7	जमालपुर खुर्द	1	06.11.2026 (शुक्रवार)
8	अहमदपुर	1	06.11.2026 (शुक्रवार)
9	असावरपुर	1, 2	06.11.2026 (शुक्रवार)
10	गढ़ शाहजानपुर	1, 2	06.11.2026 (शुक्रवार)
11	नांगल खुर्द	1, 2	06.11.2026 (शुक्रवार)
12	गढ़ी ब्रह्मनान	1, 2, 3	06.11.2026 (शुक्रवार)
13	राई	1	06.11.2026 (शुक्रवार)

पट्टे पर दी जाने वाली भूमि की बोली निम्नलिखित शर्तों पर करवाई जाएगी जिसका विवरण इस प्रकार है :

(1) बोलीदाता को बोली देने से पूर्व प्रति प्लाट मूल्य 50,000/-(पचास हजार रूपए)धरोहर राशि मौके पर जमा करवानी होगी।

(2) भूमि की खुली बोली एक साल 6 माह के लिए की जाएगी। जिसकी वैद्यता व राशि जमा करने की प्रक्रिया इस प्रकार रहेगी :-

(क) वर्ष 2026-2027 जिसकी वैद्यता 15.05.2027 तक रहेगी व इसकी सफल राशि 100 प्रतिशत सफल बोलीदाता को उसी दिन कार्यालय में जमा करवानी होगी।

(ख) वर्ष 2027-2028 जिसकी वैद्यता दिनांक 16.05.2027 से दिनांक 15.05.2028 तक रहेगी व जिसकी सफल राशि का 10 प्रतिशत भाग सफल बोलीदाता को उसी दिन जमा करवाना होगा व बकाया 90 प्रतिशत राशि का भाग 16.05.2027 को कार्यालय में जमा करवाना होगा।

(3) पट्टा राशि जमा ना करवाने की सूरत में सफल बोलीदाता द्वारा जमा करवाई गयी धरोहर राशि व 10 प्रतिशत अग्रिम भुगतान राशि जब्त करके पुनः पट्टे पर देने बारे कार्यवाही अम्ल में लायी जाएगी।

(4) आयुक्त, नगर निगम सोनीपत को बिना कारण बताए बोली रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

(5) नगर निगम सोनीपत की कृषि योग्य भूमि पर किसी भी प्रकार का कोर्ट केस नगर निगम सोनीपत के खिलाफ पाया जाता है तो उस पर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट अनुसार /मौके की स्थिति अनुसार वार्षिक पट्टे को तुरंत प्रभाव से रद्द भी किया जा सकता है। जिस पर किसी भी व्यक्ति / फर्म के द्वारा किसी भीं प्रकार की आपत्ति नहीं लगाई जा सकती।

नोटः- इन शर्तों के अलावा अन्य सभी शर्तें मौके पर बता दी जाएँगी तथा वो भी मान्य होंगी।

आदेशानुसार
आयुक्त, नगर निगम, सोनीपत

सेवानिवृत्त हो चुके दिव्यांग कर्मियों को दोबारा नहीं मिलेगी नौकरी

■ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर करेगी सरकार

चंडीगढ़। प्रदेश में दिव्यांग सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति को लेकर सरकार ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। 58 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद सेवा से रिटायर किए जा चुके कर्मचारियों को दोबारा नौकरी में शामिल नहीं किया जाएगा। वित्त विभाग ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों और एसडीएम को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामलों और एडवोकेट जनरल की कानूनी राय की जानकारी साझा करते हुए वित्त विभाग ने बताया है कि सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिकाएं (एसएलपी) दाखिल की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 20 अगस्त को पारित आदेश में दो तरह की परिस्थितियों को अलग-अलग माना गया है।

जिन कर्मचारियों को अभी तक सेवा से रिलीव नहीं किया गया है और जिन्हें अदालत से अंतरिम संरक्षण मिला हुआ है, उन्हें उस राहत के अनुसार सेवा में बनाए रखा जाएगा। जिन कर्मचारियों को पहले ही सेवा से रिलीव किया जा चुका है, उनके मामले में अंतरिम राहत देने का सवाल नहीं उठता।

दिवाली पर प्रदेश के अस्पताल अलर्ट मोड पर

बर्न, ईएनटी और इमरजेंसी बेड आरक्षित, डॉक्टर रहेंगे ऑन-कॉल

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दिवाली पर्व के दौरान अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने और आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने के लिए विशेष सलाह जारी की है। त्योहार के समय पटाखों और अन्य हादसों के कारण जलने और सांस संबंधी समस्याओं के मामलों में बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए उन्होंने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में बर्न-वार्ड अलग से तैयार रखने के निर्देश दिए हैं आपातकालीन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में ब्रोंकोडायलेटर्स, ऑक्सीजन सिलेंडर और बर्न ट्रीटमेंट किट जैसी आवश्यक दवाओं व चिकित्सा आपूर्ति का पहले से ही प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया है। आतिशबाजी या किसी भी प्रकार दुर्घटना के शिकार लोगों का त्वरित इलाज संभव हो सके, इसके लिए सभी सरकारी अस्पतालों में 20 से अधिक बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। दिवाली के दिन सामान्य दिनों की तुलना में सेवाओं पर ज्यादा दबाव रह सकता है।

अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर कड़ी सुरक्षा, केंद्रीय बलों ने संभाली कमान

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज अंबाला पहुंच रहे हैं। कड़ी सुरक्षा के पहरे में अंबाला छावनी एयर फोर्स स्टेशन पर राज्यपाल असीम घोष और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के अलावा प्रदेश के ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज समेत चुनिंदा लोग ही उनका स्वागत करेंगे। इसके अलावा शहीद स्मारक पर विजिट के दौरान भी कुछ खास चेहरे मौजूद रहेंगे। कड़ी सुरक्षा के इंतजाम पर हरियाणा पुलिस प्रशासन के साथ-साथ केंद्रीय बलों के अधिकारी पिछले कई दिनों से व्यवस्था में लगे हुए हैं। दोपहर के बाद अंबाला छवनी के गांधी मैदान में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शहीद स्मारक देखने बाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता और उनकी टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई जिलों में तैयारी की है।

विशेष विमान से अंबाला पहुंचेंगे केंद्रीय गृहमंत्री

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह विशेष विमान से अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पहुंचेंगे। वहां से वे सीधे अंबाला छावनी में बने आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक का उद्घाटन करेंगे। शहीद स्मारक देखने और उसका लोकार्पण करने के बाद, वे सीधे अंबाला छावनी के गांधी मैदान मैं आएंगे। गांधी ग्राउंड में ही मुख्य मंच तैयार किया गया है, जहां वे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। करीब 4.5 एकड़ क्षेत्र में वॉटरप्रूफ टेंट और विशाल पंडाल तैयार किया गया है। इस जनसभा में लगभग 50,000 लोगों के जुटने की उम्मीद है। मंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा बेहद कड़ी की गई है। हरियाणा के विभिन्न जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है और 500 से अधिक पुलिस जवान केवल गांधी ग्राउंड और स्मारक के आसपास तैनात किए गए हैं। डॉग स्क्वायड भी तैनात किया गया है।

इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर-135001, हरियाणा
CIN: L23423HR1933PLC000097, Tel: +91-120-4085405
Email: cfo@isgec.com, Website: www.isgec.com

30.09.2026 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सार

(अर्जन प्रति शेयर को छोड़कर रु. लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	स्टैंडअलोन			समेकित		
		समाप्त तिमाही 30.09.2026 (अअंकेक्षित)	समाप्त छह माह 30.09.2026 (अअंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 30.09.2025 (अअंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 30.09.2026 (अअंकेक्षित)	समाप्त छह माह 30.09.2026 (अअंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 30.09.2025 (अअंकेक्षित)
1.	निरंतर प्रचालनों से कुल आय	1,52,083	3,10,615	1,29,276	1,85,964	3,85,310	1,69,625
2.	अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व)	15,431	27,717	11,142	10,232	15,522	5,055
3.	कर से पूर्व अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	15,431	27,717	11,142	10,232	15,522	5,055
4.	कर के बाद अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	11,814	21,016	8,437	6,619	8,369	1,255
5.	कर के बाद अवधि हेतु अनिरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि)	-	-	-	-	-	-
6.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [(अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	11,368	20,574	8,361	6,968	9,411	926
7.	इक्विटी शेयर कैपिटल	735	735	735	735	735	735
8.	रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार	2,72,629			2,72,923		
9.	अर्जन प्रति इक्विटी शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) (ए) बेसिक (रु. में) (बी) डायल्युटेड (रु. में)	16.06 16.06	28.58 28.58	11.47 11.47	7.67 7.67	8.89 8.89	0.03 0.03

टिप्पणी :-

1. कम्पनी के उपरोक्त स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 04 नवम्बर 2026 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये। ये वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन भी किए गये हैं।
2. कम्पनी के इन स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम को कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 में विनिर्दिष्ट अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 (संशोधित अनुसार) के तहत अधिसूचित लागू भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) के मान्यता और उपाय सिद्धांतों के अनुसार तैयार किया गया है।
3. सेबी सरकुलर CIR/CFD/CMD/56/2016 दिनांक 27 मई 2016 के सम्बन्ध में, कम्पनी एतद द्वारा घोषणा करती है कि अंकेक्षकों ने 30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु अरूपांतरित मत सहित स्टैंडअलोन एवं समेकित दोनों हेतु वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा रिपोर्ट जारी कर दी हैं।
4. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com , www.nseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.isgec.com पर उपलब्ध हैं। ये नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके देखे जा सकते हैं।
5. 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के दौरान, कम्पनी ने एसएफडब्ल्यू इस्जेक एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में इस्जेक एसडब्ल्यूएफ बॉयलर्स प्राईवेट लिमिटेड के रूप में जानी जाती) में इसके इक्विटी स्टेक को इस कम्पनी में 25% शेयरहोल्डिंग की बिक्री के अनुसरण में 51% से घटाकर 26% कर दिया है। शेयरहोल्डिंग में कमी के अनुवर्ती, कम्पनी ने "IND AS 110-समेकित वित्तीय विवरणों" की आवश्यकताओं के अनुसार 25 जून 2026 से प्रभावी एसएफडब्ल्यू इस्जेक एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में इस्जेक एसएफडब्ल्यू बॉयलर्स प्राईवेट लिमिटेड के रूप में जानी जाती) के ऊपर नियंत्रण करना बंद कर दिया है। तदनुसार एसएफडब्ल्यू इस्जेक एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड ने एक एसोसिएट होना बंद कर दिया है और "एसोसिएट्स एवं ज्वाइंट वेंचर्स में IND AS 28-निवेशों" के तहत एक एसोसिएट के तौर पर जिम्मेवार हो गई है। 26% के प्रतिधारित निवेश को इसके उचित मूल्य पर मान्यता प्रदान की गई है। इस ट्रांजेक्शन के परिणामस्वरूप रु. 373 लाख का लाभ हुआ है, जिसको 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए लाभ और हानि में मान्यता दी गई है।
6. कम्पनी की ओवरसीज सब्सिडीयरी में से एक के प्रबंधन ने सम्पत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) की कुछ मदों के अनुमानित उपयोगी जीवन का पुनः मूल्यांकन किया और निर्माण सुविधाओं के वर्तमान परिचालनात्मक स्तर पर विचार करते हुए उसके ऊपर अवमूल्यन तरीका लागू किया, परिसम्पत्तियों का आशांवित उपयोग और पैटर्न जिसमें उनकी भविष्य के आर्थिक लाभों में उपभोग की जानी अपेक्षित है, का संशोधित मूल्यांकन किया। तदनुसार, सब्सिडीयरी ने सम्बद्ध परिसम्पत्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन को संशोधित किया 01 जुलाई 2026 से प्रभावी सीधी लाइन तरीका (एसएलएम) के रिटन डाउन वेल्यू (डब्ल्यूडीवी) तरीके से अवमूल्यन तरीका परिवर्तित किया। उपरोक्त परिवर्तनों को Ind AS 8 के साथ पठित Ind AS 16 के अनुसार भावी प्रभाव से लेखांकन अनुमानों में परिवर्तनों के रूप में दर्ज किया गया है। इसके परिणामस्वरूप कम अवमूल्यन व्यय हुआ है और जिसके अनुवर्ती 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही एवं छह माह के लिए समेकित वित्तीय परिणामों के विवरण में 2,841 लाख रुपए तक लाभ की वृद्धि हुई है।
7. अनुकूल पूर्ववर्ती अवधियों हेतु आंकड़े उनको तुलनायोग्य बनाने के लिये जहां आवश्यक हुआ रिग्रुप्ड कर लिये गये हैं।

कृते इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड

दिनांक: 04 नवम्बर 2026
स्थान : नोएडा

(आदित्य पुरी)
प्रबंध निदेशक

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/ सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है:-

कार्य का नाम	LHB EOG AC कोचों में उच्च क्षमता वाले कपलर और फीडर केबलों का प्रावधान।		
निविदा प्रकार	खुला	बोली प्रणाली	एकल पैकेट प्रणाली
निविदा विक्रय समापन तिथि	25.11.2026 प्रातः 11.30 बजे	निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय	02.11.2026
पूर्व-बोली आवश्यक है।	नहीं	आज तक प्री-बिड क्वेरी	ना
विज्ञापन मूल्य	₹6,06,27,615.30/- सभी कर जीएसटी आदि सहित।	निविदा अनुभाग	टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप
अग्रिम धन	₹12,12,600/-	ऑफर की वैधता	60 दिन
निविदा दस्तावेज लागत	Nil अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार	समापन की अवधि	24 माह
बोली आरंभ तिथि	11.11.2026	बोली समाप्ति तिथि	25.11.2026 प्रातः 11.30 बजे
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है।		
वेबसाइट	www.ireps.gov.in पर जाएं		

सं. -56/W/Elect/25-26/T/19/ कप्लर और फीडर केबल/ आर टी दिनांक: 02.11.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3843/2026

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड

भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत-490001

रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु आमंत्रण

EOI सूचना सं.: 500417250/GM(SLLH&R)/2026/43

भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल-बीएसपी) प्रतिष्ठित, स्थापित एवं अनुभवी एजेंसियों/ फर्मों/संस्थानों/संगठनों से निम्नलिखित कार्य हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है:

भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में आवासीय क्वार्टरों एवं भवनों का व्यापक भौतिक एवं लॉजिस्टिक सर्वेक्षण तथा एकीकृत परिसंपत्ति एवं सतत अधिभोग डेटाबेस का विकास

कार्य का क्षेत्र (संक्षेप में)

- भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के लगभग 33,000 आवासीय क्वार्टरों एवं भवनों का भौतिक सर्वेक्षण
- अधिभोग स्थिति का सत्यापन
- क्वार्टरों की जियो-टैगिंग एवं जीआईएस मैपिंग, जियो-टैग फोटोग्राफ सहित (जहाँ लागू हो, ड्रोन इमेजिंग)
- क्वार्टरों की संरचनात्मक स्थिति, खुले स्थानों एवं सामान्य सुविधाओं का आकलन
- एकीकृत डिजिटल परिसंपत्ति एवं अधिभोग डेटाबेस
- ओपन-सोर्स/ओपन प्लेटफॉर्म पर विकसित विश्लेषणात्मक रिपोर्ट एवं जीआईएस-सक्षम डैशबोर्ड, कठोर डेटा सुरक्षा, गोपनीयता एवं सेल-बीएसपी के पूर्ण डेटा स्वामित्व सहित

पात्रता (मुख्य मानदंड)

- टाउनशिप/एस्टेट संपत्ति के भौतिक सर्वेक्षण, जीआईएस मैपिंग, परिसंपत्ति प्रबंधन अथवा डेटा एकीकरण में अनुभव, तथा पिछले 7 वर्षों में पूर्ण किए गए समान कार्य
- पिछले 3 वित्तीय वर्षों में औसत वार्षिक टर्नओवर रु. 2.00 करोड़ से कम न हो, तथा सकारात्मक निवल मूल्य
- जीएनएसएस/जीआईएस सर्वेक्षण, मोबाइल सर्वेक्षण एप्लिकेशन एवं सुरक्षित डेटा प्रबंधन में सिद्ध क्षमता

महत्वपूर्ण तिथियाँ

- स्थल निरीक्षण: 05/11/2026 को प्रातः 10:00 बजे से, नगर सेवाएँ विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र
- EOI जमा करने की अंतिम तिथि: 14/11/2026 को अपराह्न 13:00 बजे (भा.मा.स.) तक

विस्तृत EOI दस्तावेज़, जिसमें पात्रता मानदंड, कार्य का क्षेत्र, मूल्यांकन पद्धति एवं नियम व शर्तें सम्मिलित हैं, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अथवा सेल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है: www.sailtenders.co.in

सेल-बीएसपी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी EOI को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

महाप्रबंधक प्रभारी (नगर सेवाएँ विभाग)
भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल, भिलाई - 490001, छत्तीसगढ़
फोन: 07882857139 | ई-मेल: absrinivas@sail.in

विज्ञापन क्र.-बीएसपी-14/26-27/दिनांक : 04/11/2026

पंजीकृत कार्यालय इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली, 110003
Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454.Website: www.sail.co.in

हर किसी को ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

एसआईआर में नाम कटने वाले मतदाता भी भर सकेंगे फार्म-6

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने स्पष्ट किया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान यदि किसी मतदाता का नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ है तो वह मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकता है। यह प्रावधान सभी पात्र नागरिकों पर लागू होगा चाहे उनका नाम पहले किसी मतदाता सूची में शामिल रहा हो या नहीं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी मतदाता का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो उसे एसआईआर के दौरान या इसके बाद मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए नए सिरे से फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन करना होगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्व में मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के बावजूद फॉर्म-6 भरने मात्र से किसी प्रकार की गलत घोषणा या कानूनी कार्रवाई का आधार नहीं बनेगा।

एसटीपी के आसपास लगेंगे एक्टिवेटेड कार्बन सिस्टम

चंडीगढ़। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के आसपास फैलने वाली दुर्गंध से अब लोगों और किसानों को राहत दिलाने की तैयारी है। हरियाणा में ट्रीटेड वेस्ट वाटर की दुर्गंध कम करने के लिए 24 एसटीपी पर एक्टिवेटेड कार्बन आधारित सिस्टम लगाए जाएंगे। इस पर करीब 3,865.806 लाख रुपये रुपये खर्च होने का अनुमान है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एसटीपी के आसपास दुर्गंध की समस्या को गंभीरता से लेते मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

फैमिली सेंटर्ड केयर का होगा विस्तार

चंडीगढ़। गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं की जान बचाने की तैयारियों को और मजबूत करते हुए हरियाणा सरकार प्रदेश में लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से 19 अतिरिक्त नवजात वेंटिलेटर उपलब्ध करवाने जा रही है। प्रदेश की विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाइयों (एसएनसीयू) में पहले से 54 नवजात वेंटिलेटर उपलब्ध हैं। इन 19 नए वेंटिलेटर के जुड़ने से गंभीर परिस्थितियों में नवजात शिशुओं को समय पर श्वसन सहायता उपलब्ध करवाने की क्षमता और मजबूत होगी। हरियाणा सरकार विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाइयों को एकीकृत मातृ-नवजात शिशु देखभाल इकाइयों (एमएनसीयू) के रूप में विकसित करने के लिए प्रदेशव्यापी पहल कर रही है। इसके तहत चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त परिस्थितियों में अस्पताल में उपचार के दौरान मां को अपने नवजात शिशु के साथ रहने की सुविधा दी जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बुधवार को यह जानकारी दी।

CHHOTU RAM POLYTECHNIC, ROHTAK

NOTICE INVITING TENDER

Sealed tenders on single percentage rate basis for HSR item and item wise NS rates are invited from approved and eligible bidders registered with Haryana PWD B&R Department, other State Govt. Deptt., Govt. of India, Boards & Corporation of Central & State Govts. The tender forms will be issued to the contractors/agencies/societies upto 19/11/2026 by 2:00PM and will be received upto 4:00PM in the office of the Principal and will be opened at 1:00PM on 20/11/2026 in the Principal's office in the presence of the tenderers or their authorized representatives, who may like to be present at that time. The tender documents may be obtained from the office of the undersigned and the same be deposited in the office of the Principal by the due date and time on working days.

| SN | Name of Work | Estimated Amount (Rs. in Lacs) | Earnest Money for Contr./ Society (Rs.) | | Cost of Tender form (Rs.) | Sale of tender documents in working days | Last date for submission of Tender | Date, Time and Place of opening | Time limit (in month) |
|---|---|---|---|---

रोहतक, गुरुवार 5 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 30
अंक : 273 पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 32.7°C
न्यून. 13.0°C

हरिभूमि

haribhoomi.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



7 कोरिया ओपन : दूसरे दौर में अनमोल और तन्वी, प्रणय हारे



हरियाणा सरकार | हरियाणा हीरक जयंती HARYANA HIRAK JAYANTI 1966 - 2026 | आजादी की पहली लड़ाई (1857) का शताब्दि स्मारक

"आज जो हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, उसके पीछे मां भारती के लाखों बेटे-बेटियों का त्याग, बलिदान और मां भारती को आजाद कराने के संकल्प के प्रति उनका समर्पण है।"
- नरेन्द्र मोदी



आजादी के प्रथम संघर्ष (1857) को समर्पित
शहीद स्मारक
का लोकार्पण

5 नवम्बर, 2026 | दोपहर 3:00 बजे
शहीद स्मारक, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44, अम्बाला कैंट

मुख्य अतिथि
श्री अमित शाह
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

अध्यक्षता
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

अन्य कार्यक्रम
जनसभा
समय - सायं 4:00 बजे
स्थान - रैली स्थल, गांधी ग्राउंड, अम्बाला कैंट

जनसभा से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

जलबेहड़ा - शाहाबाद (NH-152G)
राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का उद्घाटन

आप सादर आमंत्रित हैं

HARYANACMO CMOHRY www.haryanacmoffice.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

खबर संक्षेप



बीएसएफ डीआईजी का बेटा 11वीं मंजिल से कूदा

गुरुग्राम। बीएसएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल सत्यवान खांची के बेटे ने 11वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। मृतक की पहचान असीम खांची (28) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि सत्यवान ओडिशा के कोरापुट में तैनात है। गुरुग्राम पुलिस का कहना है कि अभी सुसाइड के कारणों की जांच की जा रही है। असीम सेक्टर-85 की द लीफ सासाइटी में रहते थे। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे उन्होंने टावर नंबर-8 के फ्लैट-10 बी की बालकनी से कूदकर जान दे दी।

गर्लफ्रेंड से झगड़ा, बहन को फंदे की फोटो भेजकर युवक ने दी जान

पानीपत। कुलदीप नगर में 19 वर्षीय लक्ष्य ने अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। लक्ष्य कक्षा 12वीं का विद्यार्थी था। पुलिस जांच में पता चला है कि लक्ष्य ने मंगलवार रात करीब 12 बजे बहादुरगढ़ निवासी अपनी गर्लफ्रेंड को जन्मदिन की बधाई देने के लिए मैसेज किया था। इसके बाद दोनों के बीच मैसेज को लेकर विवाद हुआ। गर्लफ्रेंड ने युवक की दूर के रिश्ते में लगने वाली बहन को भी मैसेज कर लक्ष्य को समझाने के लिए कहा। बहन ने लक्ष्य को फोन कर गर्लफ्रेंड को मैसेज नहीं करने की बात कही तो उसने कथित तौर पर अपनी जान देने की बात कही और बहन को फंदा लगाते हुए अपनी फोटो भेज दी।

25 हजार कारतूस बेचने वाला गन हाउस संचालक हिरासत में लिया

सिरसा। रोहतक एसटीएफ ने मंगलवार को यूपी के पांच लोगों को 25 हजार कारतूस के साथ बहादुरगढ़ में दबोचा था। अब बताया जा रहा है कि रोहतक पुलिस ने सिरसा के महक गनहाउस सेंटर चलाने वाले व्यापारी विजय गोयल को भी हिरासत में ले लिया है। क्योंकि पूछताछ में पांचों ने यह कारतूस विजय से ही खरीदने की बात कही थी। फिलहाल, पुलिस टीमें पता कर रही है कि इतनी बड़ी संख्या में कारतूस की खेप विजय गोयल के पास कहां से आई, कैसे वह इनके संपर्क में आया और कहां इन्हें खपाया जाना था।

आरटीआई : तहसीलदार व नायब तहसीलदार पर 50 हजार जुर्माना

गुरुग्राम। राज्य सूचना आयोग ने आरटीआई एक्ट के तहत मांगी गई जानकारी देने में लापरवाही और देरी बरतने पर गुरुग्राम के दो राजस्व अधिकारियों पर 50 हजार का जुर्माना लगाया है। उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के भी सख्त निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता हरेंद्र ढींगड़ा का कहना है कि आयोग ने एक अन्य आरटीआई से जुड़ी शिकायत के मामले में पहले ही इन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने और धारा 20(2) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। तहसीलदार दर्पण कंबोज व नायब तहसीलदार सुशील पर 25-25 हजार का जुर्माना किया है।

आर्य कॉलेज पानीपत ने जीता रत्नावली महोत्सव



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय प्रदेश स्तरीय रत्नावली हरियाणा दिवस महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। आर्य कॉलेज, पानीपत ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अग्रणी रहकर ओवरऑल ट्राफी जीती। केयू कैम्पस की टीम रनरअप रही। रत्नावली महोत्सव में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत के कलाकारों ने ओवरऑल ट्रॉफी जीतकर अपने दमदार प्रदर्शन का लोहा मनवाया। वहीं ओवरऑल फाइन आर्ट्स की ट्रॉफी आरकेएसडी कॉलेज, कैथल की टीम को मिली, लिटरेरी ट्रॉफी दयाल सिंह कॉलेज, कैथल तथा आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने प्राप्त की। वहीं ओवरऑल थियेटर और म्यूजिक इवेंटस में आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत की टीम विजेता रही।

गांजा सप्लाई के आरोपी की ओडिशा में पुलिस हिरासत में मौत, 5 कर्मी सस्पेंड

- 27 मार्च को 63 किलो गांजे के साथ पकड़े थे चार आरोपी, अब मुख्य सप्लायर को पकड़ने ओडिशा गई थी हांसी की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

गांजा तस्करी के एक मामले में गिरफ्तार किए गए मुख्य सप्लायर की ओडिशा में पुलिस हिरासत के दौरान संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में हांसी पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। एसपी विनोद कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए-1 हांसी की टीम में शामिल पांच पुलिस कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही विभागीय जांच भी शुरू कर दी है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में एएसआई सम्मत, पीएसआई कपिल, ईएचसी जोगिंद्र, ईएचसी अर्जुन और सिपाही मुकेश शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, 27 मार्च 2026 को सीआईए-1 हांसी की टीम ने गढ़ी से भाटोल रोड पर नहर की पुलिया के पास एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राकेश और मनवीर निवासी इगराह, जिला जींद तथा विनोद और रविंद्र निवासी गांव पुठ्ठी के रूप में हुई थी। पुलिस ने उनके कब्जे से भारी मात्रा में 63 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया था।

5 दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आ रही थी हांसी पुलिस, आरोपी फंदे पर लटका मिला

गिरफ्तार आरोपी मनवीर और विनोद द्वारा किए गए खुलासे के आधार पर, इस गांजे की आपूर्ति करने वाले मुख्य सप्लायर तानुप डे उर्फ राहुल उर्फ बापुन निवासी ओडिशा का नाम सामने आया। इसके बाद सीआईए-1 हांसी की एक विशेष टीम का गठन किया गया। स्थानीय पुलिस के सहयोग से हांसी पुलिस टीम ने 25 अक्टूबर 2026 को ओडिशा में दबिश देकर मुख्य सप्लायर तानुप डे को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से टीम ने पांच दिन का ट्रांजिट रिमांड हासिल किया था। रिमांड के दौरान पुलिस टीम आरोपी को लेकर ओडिशा के जिला मलकानगिरि में ठहरी हुई थी। पुलिस के मुताबिक गत 26 अक्टूबर की सुबह आरोपी ने वॉशरूम जाने की इच्छा जताई। इसी दौरान वह कमरे से बाहर गया और वहां कथित तौर पर गमछे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

रेवाड़ी में जमानत पर आए आरोपी ने की हत्या, 3 पर केस

सरेआम युवक को गोली मारी, मां-दोस्त को फोन कर आरोपी का नाम बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गोकलगढ़ टी-प्वाइंट पर बुधवार दोपहर बाद एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया।



गांव में खेतीबाड़ी का कार्य करने वाला गोकलगढ़ निवासी 24 वर्षीय मनोज बाइक रिपेयर कराने के लिए गांव के टी-प्वाइंट पर गया था। उसके पास आए कुछ युवकों ने उसे गोली मार दी। गोली लगने के बाद मनोज ने पहले अपनी मां और बाद में दोस्त को घटना की जानकारी दी। उसने बताया कि मनिंद्र ने उसे गोली मारी है। मौके पर पहुंचे उसके दोस्त ने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण उसे रेफर कर दिया गया। परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद थाना सदर पुलिस अस्पताल पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया गया।

पुलिस के अनुसार, तीन लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। इनमें से एक आरोपी एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल में बंद था, जो हाल ही में जमानत पर बाहर आया था। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सीआईए और थाना सदर पुलिस की टीमों को आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी के आदेश दे दिए। इसके बाद पुलिस की टीमों ने आरोपियों को काबू करने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश शुरू कर दी।

युवक की खेत में हत्या, दो दिन से था लापता

फरीदाबाद। सरूरपुर गांव में बुधवार सुबह एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। युवक का शव खेत में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान गांव के ही सचिन (22) के रूप में हुई है। वह दो दिन से लापता था। परिवार का कहना है कि उनका किसी से कोई झगड़ा नहीं था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सचिन के पिता जगबीर ने बताया कि वे सरूरपुर के श्याम नगर में रहते हैं। सुबह एक युवक उनके पास आया और सूचना दी कि सचिन का शव खेत में पड़ा है। वे मौके पर पहुंचे तो सचिन के गले पर चोट के निशान थे। सचिन सोमवार से लापता था। वह एक कंपनी में काम करता था और अविवाहित था। हालांकि उसे शराब पीने की लत थी।



शराब के लिए गिलास नहीं दिया, गोली मारी

पलवल। जगदीश अस्पताल एंड मैटरनिटी होम में शराब पीने के लिए गिलास देने से मना करने पर फार्मासिस्ट को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल युवक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी जीतू समेत दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रसूलपुर गांव के फार्मासिस्ट चंद्रकांत की शिकायत के अनुसार, 1 नवंबर की रात करीब 11 बजे गांव का ही रहने वाला जीतू अस्पताल आया और शराब पीने के लिए गिलास मांगने लगा। मना करने पर उसने गाली-गलौज की और गोली मारने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद 3 नवंबर की रात करीब 8 बजे जीतू ने अस्पताल में आकर उसे गोली मार दी।

पड़ोसियों ने इलाज पर खर्चे 70 हजार, प्रसूता की मौत के बाद बच्चा रखने की जिद पर अड़े

- पति से अलग रह रही थी महिला, थाने में समझौता होने पर ससुरालजन नवजात बच्चे को अपने साथ बिहार ले गए

पानीपत। प्रसूता की मौत के बाद उसके बच्चे पर हक को लेकर पड़ोसियों व ससुरालजन में हुआ विवाद थाने पहुंच गया। बिहार के छपरा की निवासी संध्या पत्नी पंकज पानीपत की सैनी कॉलोनी में रहती थी। वहीं, पति पंकज गत दिनों संध्या से अलग हो गया था। इस दंपती के तीन बच्चे हैं और 23 अक्टूबर को संध्या ने पंकज के चौथे बच्चे को जन्म दिया। गर्भवती रहने व प्रसव के बाद पड़ोसी संजय व उसके परिजनों ने संध्या का उपचार करवाया और देखभाल की। एक नवंबर को संध्या की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसकी सिविल अस्पताल में मौत हो गई। संध्या की मौत की सूचना पर बिहार से ससुरालजन पानीपत पहुंचे और संध्या की अंत्येष्टि के बाद उसके नवजात बच्चे को साथ ले जाने लगे। इसका पड़ोसी संजय ने विरोध किया और बच्चे को अपने पास रखने की जिद पर अड़ गया। संजय का दावा है कि उन्होंने संध्या के इलाज पर करीब 70 हजार रुपये खर्च किए। नवजात की देखभाल भी उन्होंने ही की। परिवार भावनात्मक रूप से मां-बेटे से जुड़ गया था। वहीं, संजय के भी कोई बच्चा नहीं था, इसलिए वे नवजात को अपने पास रखना चाहते थे। बाद में थाना औद्योगिक पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करवा दिया और संध्या का बच्चा उसके परिवार वाले अपने साथ ले गए।

वन विभाग कर्मी को ट्रैक्टर ने कुचला सड़क पर शव रखकर लगाया जाम



कनीना। मृतक कर्मचारी के शव को सड़क के बीचों बीच रखकर जाम लगाते परिजन और ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

गांव नांगल मोहनपुर में बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसकी पहचान कोका गांव निवासी कालूराम (28) के रूप में हुई है। कालूराम अविवाहित था तथा ठेकेदार के माध्यम से वन विभाग में कार्यरत था। पीड़ित परिजनों ने बताया कि मोहनपुर नांगल में मिट्टी का भराव कर रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने नांगल-गुढ़ा लिंक मार्ग पर बाइक सवार कालूराम को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें ट्रैक्टर के नीचे बुरी तरह कुचल जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

उधर, मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया। आरोपित ट्रैक्टर चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा।

ट्रैक्टर कब्जे में लेने पर सवा दो घंटे बाद खोला जाम

हादसे में संलिप्त ट्रैक्टर को पुलिस की ओर से कब्जे में लेने पर ग्रामीण व परिजनों ने पुलिस कार्रवाई पर संतोष जताते हुए सवा दो घंटे बाद साढ़े चार बजे जाम खोल दिया।

परिजनों और ग्रामीणों ने मृतक का शव स्ट्रेचर पर रखकर करीब पौने दो बजे कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे 24 पर एसडीएम कार्यालय के नजदीक मंडी टी-पॉइंट पर रख दिया और सड़क पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही डीएसपी संजय बिश्नोई, ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार अर्जुन सिंह, सिटी थाना इंचार्ज पंकज कुमार, सदर थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया।

पंचकूला मारपीट केस : बच्ची की पीजीआई से छुट्टी, आरोपी बच्चे को जमानत मिली

पंचकूला। पंचकूला के सरकारी स्कूल में 28 अक्टूबर को तीसरी कक्षा के बच्चे की मारपीट के दौरान घायल हुई केजी की बच्ची को बुधवार सुबह चंडीगढ़ पीजीआई से छुट्टी मिल गई। बच्ची फिलहाल अपने चाचा के फ्लैट पर रहेगी। वहां पहुंचने पर उसका फूल मालाओं और गुब्बारों से स्वागत किया गया। उधर, इस मामले में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने आरोपी बच्चे को जमानत दे दी है। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस मारपीट से जुड़े वीडियो, तस्वीरों व अन्य सामग्री को हटाने के आदेश दिए हैं। 27 नवंबर तक जांच अधिकारी को अनुपालना रिपोर्ट सौंपनी होगी। बच्चे के पिता की ओर से अपील डाली गई थी कि इन वीडियो को हटवाया जाए ताकि बच्चे की पहचान उजागर न हो।

- जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने मारपीट मामले से जुड़े वीडिया व फोटो सोशल मीडिया से हटवाने के निर्देश दिए, 27 को देनी है रिपोर्ट

कैथल की आईटीआई छात्रा ने देश भर में किया टॉप, 600 में से पूरे नंबर आए

कैथल (हरिभूमि न्यूज)। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा की ओर से आयोजित परीक्षा में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), कैथल की छात्रा मुस्कान ने ऑल इंडिया में प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया है। स्टेनोग्राफी एंड सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिंदी) ट्रेड की छात्रा मुस्कान ने परीक्षा में 600 में से 600 अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य जगमोहन ने छात्रा मुस्कान को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। गांव नरड़ निवासी मुस्कान के पिता बलजीत राज मिस्त्री हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय अनुदेशक राजेश ढुल के मार्गदर्शन और अपने परिजनों के सहयोग को दिया। उसका सपना भविष्य में आईटीआई में एसएसए हिंदी अनुदेशक बनने का है, ताकि वह अन्य विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ने में सहयोग कर सके। बता दें कि इससे पहले भी राजकीय आईटीआई कैथल के पांच विद्यार्थी ऑल इंडिया स्तर पर टॉप कर चुके हैं। संस्थान के एपीओ पंकज नफरिया, वर्ग अनुदेशक शमशेर मलिक, राकेश कुमार, नरेश पंवार सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने मुस्कान को बधाई दी।



हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका कलानौर	एम.सी. कलानौर में मोखरा रोड शमशान घाट में एचएचआरसी के अनुरूप गाय के गोबर की स्टिक आधारित हरित शवदाह गृह का निर्माण + 2 कार्य।	03.11.2026 10.11.2026	13,67,579/-	https://etenders.hry.nic.in	9802401200 municipalcommissioner.kalanaur@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50807/I/88/6 दि. 04.11.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	रसायन शास्त्र विभाग के उपकरण के लिए निविदा।	03.11.2026 25.11.2026	24 लाख	www.mdurohtak.ac.in	9896001262 hod.chem@mdurohtak.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50803/I/88/6 दि. 04.11.26

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ / एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर-रेवाड़ी	TENDERID:2026_HRY_553323_1	निविदा तिथि का विस्तार, 09.11.2026 (अप. 03:00 बजे) तक।	sports@igu.ac.in	9911375598 sports@igu.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50802/I/88/6 दि. 04.11.26

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ / एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि. रोहतक	2026_HBC_554086_1 (दुग्ध संघ, रोहतक के लिए सभी प्रकार से पूर्ण विशिष्टी और हमारे आरेखण/डिजाइन के अनुरूप दुग्ध बूथ, पार्लर्स, अमृत फार्मेसी के फैब्रिकेशन के कार्य के निष्पादन के लिए पैनल तैयार करना)	तिथि 10.11.2026 अप. 16:00 बजे तक बढ़ाई गई, खुलना 11.11.2026 पूर्वा. 11:30 बजे	vitaindia@gmail.com	9896401185 vitarohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50796/I/88/6 दि. 04.11.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका रादौर	शहरी स्थानीय निकाय रादौर जिला यमुनानगर, हरियाणा के लिए स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत म्यूनिसिपल कर्मचारियों, स्वच्छता कामगारों और अन्य स्टेकहोल्डर्स की कैपेसिटी बिल्डिंग और ट्रेनिंग।	03.11.2026 13.11.2026	28,32,000/-	https://etenders.hry.nic.in	8950032833 secymcradaur@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50789/I/88/6 दि. 04.11.26

तत्परता — गुरुग्राम में सड़क पर लेबर पेन से जूझ रही महिला की मदद को बढ़े हाथ

गर्भवती की हालत थी गंभीर, अस्पताल जाने में हो सकती थी देर

राहगीरों व पुलिस ने तड़प रही गर्भवती की सड़क पर करवाई डिलीवरी, मां-बेटा बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सड़क किनारे लेबर पेन में तड़प रही एक गर्भवती महिला के लिए कुछ राहगीर महिलाएं व पुलिस कर्मचारी फरिशता बनकर आए। अस्पताल न ले जाने की स्थिति को देखते हुए तत्काल सड़क पर ही डिलीवरी का इंतजाम किया गया। यहां महिला ने एक बेटे को जन्म दिया। इसके बाद पुलिस कर्मचारियों ने सुरक्षित मां-बेटे को डिस्पेंसरी बादशाहपुर पहुंचाया। पुलिस व राहगीरों की तत्परता की वजह से मां-बेटे की जान बचाई जा सकी। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-68 स्थित एम3एम मरीना के पास उर्मिला नामक महिला अपना चाय का ठेला चलाती हैं। अचानक उनकी नजर पास ही खड़ी एक गर्भवती महिला पर पड़ी, जो प्रसव पीड़ा से बुरी तरह तड़प रही थी। इस पर उर्मिला ने बिना समय गंवाए तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर आपातकालीन सहायता मांगी। उर्मिला की कॉल सीधे पुलिस की इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल (ईआरवी) टीम 235 को ट्रांसफर की गई। गाड़ी में तैनात ईएचसी संदीप और ड्राइवर कॉन्स्टेबल संदीप ने केस की गंभीरता को समझा और मात्र 5 से 7 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गए।



मौके पर पुलिसकर्मियों ने देखा कि महिला की स्थिति बेहद नाजुक हो चुकी थी और उसे तुरंत अस्पताल ले जाना मुमकिन नहीं था। डिलीवरी किसी भी वक्त हो सकती थी। ऐसे में पुलिस ने मौके पर ही मोर्चा संभाला। उन्होंने उर्मिला व आसपास मौजूद अन्य महिलाओं को इकट्ठा किया। पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा घेरा बनाया और स्थानीय महिलाओं के सहयोग से सड़क किनारे ही महिला की सुरक्षित डिलीवरी करवाई। कुछ ही देर में वहां एक नन्हे बच्चे की किलकारी गूंज उठी। दोनों पुलिसकर्मियों ने बिना वक्त गंवाए मां और नवजात शिशु को अपनी पुलिस की गाड़ी में बैठाया और तुरंत डिस्पेंसरी बादशाहपुर पहुंचाकर उनकी जान बचाई।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का विवरण	निविदा खुलने कि तिथि समय	अनुमानित लागत रुपये	धरोहर राशि रुपये	कार्य पूरा करने की अवधि
1.	OT-37/ 2026-27	प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी कैमरा एट स्टेशन मास्टर रूम/ पैनल रूम्स एंड रिले रुम ओवर यूएमबी डिवीजन।	01.12.2026 at 15.00 hrs.	Rs. 5,28,89,583.17/-	Rs. 10,57,800/-	180 दिन
2.	OT-38/ 2026-27	रिप्लेसमेंट ऑफ आउटलाईब्ड डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक टेलीफोन एक्सचेंजेस विद आईपी बेरड डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक टेलीफोन एक्सचेंजेस एट सहारनपुर, जगाधरी वर्कशॉप, धूरी, पटियाला, राजपुरा, सरहिंद, रूपनगर, नंगल डैम, चंडीगढ़, कालका, बठिंडा, शिमला एंड अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन्स ओवर यूएमबी डिवीजन।	01.12.2026 at 15.00 hrs.	Rs. 4,77,76,119.99/-	Rs. 9,55,500/-	270 दिन
3.	OT-39/ 2026-27	प्रोविजन ऑफ रेलनेट कनेक्शन्स इन सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप एट जगाधरी वर्कशॉप एंड कालका वर्कशॉप।	01.12.2026 at 15.00 hrs.	Rs. 3,76,59,156.97/-	Rs. 7,53,200/-	270 दिन
4.	OT-40/ 2026-27	द वर्क फॉर कॉम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ एएफडीएएस ओवर अंबाला डिवीजन फॉर टू इयर्स।	01.12.2026 at 15.00 hrs.	Rs. 1,11,84,128.64/-	Rs. 2,23,700/-	24 महीने

नोट:- वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें। **1.** टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेबसाईट **www.lreps.gov.in** पर लाग ऑन करें। **2.** निविदाकारी को ई-टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-II डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।

सं.: एस. डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी-12-2026-27 दिनांक: 04.11.2026 3860/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रोहतक
गुरुवार 5 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 273
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 32.7°C
न्यून. 13.0°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 डब्ल्यूटीए फाइनल्स : चैंपियन रायबाकिना के लिए राह मुश्किल



खबर संक्षेप

अमूल घी 40 रुपये प्रति लीटर महंगा

नई दिल्ली। अमूल ब्रांड के उत्पाद बेचने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने दूध उत्पादन की लागत बढ़ने के कारण दो अक्टूबर से घी की कीमतों में 40 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। वहीं टेबल बटर (मक्खन) के 500 ग्राम के पैक की कीमत भी 15 रुपये बढ़ाई गई है। भाषा

850 अदालतों के विस्तार को मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बाल शोषण और दुष्कर्म के मामलों से निपटने के लिए 'फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों' को मजबूत करने वाली एक केंद्रीय योजना को जारी रखने की मंजूरी दी और साथ ही इनकी संख्या 779 से बढ़ाकर 850 करने का निर्णय लिया। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर दो अक्टूबर 2019 को शुरू की गई यह योजना, वर्तमान में 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू है।

होर्मुज से बिना रोक-टोक गुजरेंगे भारतीय जहाज

तेहरान। दिवाली पर ईरान से भारत के लिए अच्छी खबर आई है। ईरान ने भारत, चीन, इराक और कतर के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने पर लगी पाबंदियों से छूट दे दी है। तेहरान का कहना है कि यह व्यवस्था आपसी हितों को ध्यान में रख कर की गई है, जिसमें भारत से दवाओं का आयात और चीन से मिलने वाला राजनीतिक समर्थन शामिल है। ईरान के एक वरिष्ठ सांसद ने बताया कि यह व्यवस्था इन चार देशों के साथ तेहरान के हितों से जुड़ी हुई है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब यह रणनीतिक जलमार्ग ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच संघर्ष में फंसा हुआ है। एजेंसी

लोकतंत्र में धरना-भूख हड़ताल की जगह नहीं

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने कहा है कि धरना, भूख हड़ताल और सत्याग्रह जैसी गतिविधियों की संवैधानिक लोकतंत्र में जगह नहीं है। शिक्षण संस्थान पढ़ाई के लिए हैं, राजनीति के लिए नहीं। ऐसी गतिविधियों में शामिल छात्रों को संस्थान से निष्कासित किया जा सकता है। कोर्ट ने यह टिप्पणी कालडी स्थित श्री शंकराचार्य संस्कृत यूनिवर्सिटी के 16 निलंबित छात्रों के मामले में की। एजेंसी

मुरासु का असर, आंध्र में 344 करोड़ की क्षति

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश में चक्रवाती तूफान मुरासु ने भारी तबाही मचाई है। तूफान से 2 लोगों की मौत हो गई और 52 हजार हेक्टेयर से ज्यादा फसलें बर्बाद हो गईं। इसके कारण 35 से ज्यादा ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं। 12,230 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, तूफान से राज्य को करीब 344 करोड़ का नुकसान हुआ है। आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में बारिश हो सकती है।

अमेरिकी मतदाताओं ने ट्रंप को दिखाया आईना

मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेट्स ने रिपब्लिकन को दी शिकस्त | दोनों सदनों पर विपक्ष का कब्जा

वाशिंगटन (भाषा)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देते हुए देश के मतदाताओं ने मंगलवार को आईना दिखाया व बहुचर्चित



मध्यावधि चुनावों में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को अमेरिकी संसद का नियंत्रण सौंप दिया और कई अहम राज्यों में गवर्नर पदों पर भी पार्टी को जीत दिलाई। इन नतीजों का असर न केवल अमेरिका, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी देखने को मिलेगा। ट्रंप की रिपब्लिकन को अपने मजबूत गढ़ माने जाने वाले टेक्सास, जॉर्जिया, आयोवा और ओहायो जैसे राज्यों में करारी हार का सामना करना पड़ा, जहां उसने डेमोक्रेटिक पार्टी के हाथों गवर्नर के पद गंवा दिए।

इसलिए हारे

डेमोक्रेट ने सीनेट और प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स) दोनों पर नियंत्रण हासिल कर लिया और अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के दोनों सदनों में रिपब्लिकन के कब्जे को समाप्त कर दिया। रिपब्लिकन की इस बड़ी हार की मुख्य वजह ट्रंप की नीतियों के प्रति लोगों में व्याप्त असंतोष को माना जा रहा है। खासकर ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर लोगों में नाराजगी थी, जिसके कारण जीवन-यापन की लागत और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है।

ट्रंप के पास वीटो पावर

चुनाव नतीजे सामने आते ही ट्रंप ने 'ट्रूथ सोशल' पर एक तस्वीर पोस्ट की। इसमें लाल रंग की एक टोपी दिखाई दे रही थी, जिस पर बड़े अक्षरों में 'वीटो' लिखा हुआ है।

अग्निवीरों को दो साल का सेवा विस्तार

सीडीएस का ऐलान, अब छह साल तक कर सकेंगे देश सेवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दीपावली से पहले केंद्र ने अग्निवीरों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट की सिफारिश पर सरकार ने 75% अग्निवीरों को दो साल की अतिरिक्त सेवा देने का फैसला लिया है। अब अग्निवीर 4 के बजाय 6 साल तक देश सेवा कर सकेंगे। इसके बाद भी वे सेना में बने रहना चाहते हैं, तो उन्हें चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। पास हुए, तो परमानेंट कमीशन भी मिलेगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने बुधवार को दो साल का सेवा विस्तार देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह यह विस्तार उन अग्निवीरों को दिया जाएगा, जिन्हें सशस्त्र बलों से बाहर जाना था। यह विस्तार उनकी सहमति से होगा। इस दौरान उन्हें बढ़ा हुआ वेतन व भत्ते भी मिलेंगे।

प्रदर्शन के आधार पर स्थायी पद और वेतन भत्ते मिलेंगे
■
75% अग्निवीरों को होगा फायदा
■
25% को नियमित करने का नियम बना रहेगा
■
देश में 3.18 लाख से अधिक हैं अग्निवीर



भर्ती प्रक्रिया में भी बदलाव

अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए अब लिखित परीक्षा पहले और शारीरिक दक्षता परीक्षा बाद में होगी। पहले शारीरिक परीक्षा का चरण पहले आता था। सेवा के दौरान प्राप्त प्रशिक्षण और अनुभव के आधार पर अग्निवीरों को कौशल प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। इससे भविष्य में अन्य क्षेत्रों में रोजगार पाने में मदद मिल सकेगी।

14 जून 2022 को शुरू हुई योजना

अग्निपथ योजना 14 जून 2022 को शुरू हुई थी। इसके तहत 17 साल छह महीने से 21-22 वर्ष तक के पात्र युवाओं को संबंधित सेना के भर्ती नियमों के अनुसार अवसर मिलता है। पद के हिसाब से आठवीं, दसवीं या बारहवीं की शैक्षणिक योग्यता निर्धारित है। महिला अभ्यर्थियों के लिए भी तीनों सेनाओं में विभिन्न श्रेणियों में अवसर उपलब्ध हैं।

पहली व्यवस्था में बदलाव नहीं

अग्निपथ योजना के तहत पहले से निर्धारित व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया है। प्रत्येक बैच के अधिकतम 25 प्रतिशत अग्निवीरों को चार साल की सेवा के बाद योग्यता और मेरिट के आधार पर नियमित कैडर में शामिल किया जाता है। शेष 75 प्रतिशत अग्निवीर अब दो साल और सेवाएं दे सकेंगे। छह साल की अवधि पूरी होने के बाद नियमित सैनिक बनने के इच्छुक अग्निवीरों को चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। यानी अतिरिक्त सेवा अवधि मिलने का अर्थ स्थायी नौकरी की गारंटी नहीं है।

पहले बैच के 18,300 को मिलेगा लाभ

अग्निपथ योजना के पहले बैच में भर्ती हुए 24,400 अग्निवीरों में से करीब 18,300 का चार साल का कार्यकाल 31 दिसंबर तक पूरा होना था। पहले तय कार्यक्रम के अनुसार नवंबर के मध्य से इन्हें चरणबद्ध तरीके से सेवा से मुक्त किया जाना था। अब नई व्यवस्था के तहत इन्हें दो साल अतिरिक्त सेवा का अवसर मिल सकेगा। फिलहाल तीनों सेनाओं में करीब 3.18 लाख अग्निवीर सेवाएं दे रहे हैं। पिछले महीने वायुसेना ने अपने पहले बैच के 2,850 अग्निवीरों में से 712 को नियमित सेवा में बनाए रखने का फैसला किया था।

साढ़े 4 घंटे की मीटिंग के बाद फैसला

रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल टली

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा में रोडवेज कर्मचारियों की 5 नवंबर से प्रस्तावित 2 दिनी हड़ताल टल गई है। चंडीगढ़ में बुधवार को हरियाणा सचिवालय में यूनियन की सरकार के साथ करीब साढ़े 4 घंटे मीटिंग चली। जिसमें कई मांगों पर सहमति बनी। मीटिंग में रोडवेज की 12 यूनियनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। संयुक्त मोर्चा ने बताया कि 8 मांगों पर चर्चा के लिए 25 नवंबर को मंत्री अनिल विज के साथ दोबारा बैठक होगी। अभी त्योहारी सीजन को देखते हुए हड़ताल टालने का फैसला लिया गया है। बसें बंद रहने से लोगों को परेशानी होती। इसलिए पांच और छह नवंबर को होने वाली रोडवेज की हड़ताल को फिलहाल स्थगित कर दिया। वरिष्ठ आईएएस और परिवहन आयुक्त अतुल द्विवेदी कर्मियों को समझाने में रहे सफल। रोडवज यूनियनों की तरफ से सभी कर्मचारियों को सूचना जारी कर दी कि पांच नवंबर से शुरू होने वाली दो दिवसीय हड़ताल को स्थगित कर दिया है।

5 और 6 नवंबर को होनी थी हड़ताल

12 यूनियनों के प्रतिनिधि रहे शामिल

बैठक में 12 यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। अब संयुक्त मोर्चा की 8 मांगों पर दोबारा चर्चा करने के लिए 25 नवंबर को परिवहन मंत्री अनिल विज के साथ दोबारा बातचीत की जाएगी। नेताओं ने कहा कि अगर 25 नवंबर को उनकी मांगों पर सहमति नहीं बनती है तो दोबारा से हड़ताल की काल की जा सकती है।


इन मांगों पर बनी सहमति

■ बिना टिकट यात्री मिलने पर कंडेक्टर पर कार्रवाई नहीं होगी। ■ वर्कशॉप स्टाफ को भी सरकारी छुट्टियां मिलेंगी। ■ हड़ताल के दिनों का हिसाब होगा। ■ 3 कर्मचारियों का रोहतक तबादला। ■ खाली पदों पर प्रमोशन।

आज अंबाला व करनाल में शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को अंबाला और करनाल के दौरे पर रहेंगे। प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने बुधवार को बताया कि अमित शाह 5 नवंबर को अंबाला में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर बलिदानियों को समर्पित भव्य शहीद स्मारक का लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में हरियाणा ने विकास के साथ-साथ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास और वीर परंपराओं को नई पहचान देने का काम किया है। वहीं, शाह करनाल में भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के समापन समारोह और पदयात्रा में शामिल होंगे। बैठक में पदयात्रा की रूपरेखा, संगठनात्मक व्यवस्थाओं और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



अंबाला में करेंगे शहीद स्मारक का लोकार्पण
■
करनाल में भाजपा की पदयात्रा में शामिल होंगे

दिल्ली के निजी स्कूल में नौ साल की छात्रा की हार्टअटैक से मौत

नई दिल्ली (भाषा)। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार स्थित एक निजी स्कूल में तीसरी कक्षा की नौ वर्षीय छात्रा की बुधवार को हार्टअटैक से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 9:52 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को लवली पब्लिक स्कूल में छात्रा की मौत के संबंध में सूचना मिली। इसमें बताया गया कि छात्रा को निर्माण विहार स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. भावना ने कहा कि छात्रा कक्षा में अपनी शिक्षिका के सामने खड़ी थी, तभी वह फर्श पर गिर गई। हम तुरंत उसे पास के एक निजी अस्पताल में ले गए। उन्होंने हमें उसे किसी अन्य उच्च स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए कहा। हम उसे दूसरे अस्पताल में ले गए। हमारे स्टाफ सदस्यों ने उसके परिवार के सदस्यों को सूचित किया। अस्पताल ने हमें बताया कि लड़की को दिल का दौरा पड़ा था। पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि घटना की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच की जा रही है।

मयूर विहार में तीसरी में पढ़ती थी बच्ची

धनतेरस से पहले सोना 2300 और चांदी 2600 रुपये महंगी


नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार उछाल आया। त्योहारी मांग बढ़ने और वैश्विक बाजारों में कीमतों में तेज सुधार के बीच सोना 2,300 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार को 1,39,200 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो बुधवार को बढ़कर (सभी करों सहित) 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमतों में भी तेजी रही। यह 26,00 रुपये उछलकर (सभी करों सहित) 1,86,700 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 1,84,100 लाख रुपये प्रति किलोग्राम था।



सेना का वाहन 600 फीट गहरी खाई में गिरा, दो जवान शहीद

नई दिल्ली(एजेंसी)। लद्दाख के कारगिल में बुधवार को सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर करीब 600 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में दो जवान शहीद हो गए। दुर्घटना दोपहर करीब 1:30 बजे कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर नामिका ला दर्रे के पास हुई। वाहन में केवल दो सैनिक सवार थे। दोनों की हादसे में मौत हो गई। बचाव दल ने खाई से दोनों जवानों के शव बरामद किए और पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि सेना का वाहन लद्दाख के पहाड़ी क्षेत्र में नियमित ड्यूटी पर था। इसी दौरान नामिका ला दर्रे के करीब वाहन अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने राहत और बचाव अभियान चलाया।

कारगिल में नामिका ला दर्रे के पास दोपहर करीब 1:30 बजे भीषण हादसा



सुप्रीम कोर्ट बोला-कानून में बदलाव पर विचार की जरूरत

दो से ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव से रोकना गलत

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए 2 से अधिक बच्चे होने पर अयोग्य ठहराने वाले कानूनों की प्रासंगिकता अब खत्म हो गई है। जनसांख्यिकीय बदलावों के कारण, ऐसे प्रतिबंधों के पीछे का तर्क ही अब बेमानी हो गया है। अदालत ने कहा कि भारत की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 2003 में 3 थी, जब सुप्रीम कोर्ट ने 'जावेद बनाम हरियाणा राज्य' मामले में 'दो बच्चों के नियम' की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा था। जो अब घटकर 1.9 रह गई है। यह चिंता बढ़ाने वाला है।

हरियाणा गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा व उत्तराखंड समेत कई राज्यों में लागू है कानून

जावेद बनाम हरियाणा मामला बड़ी बेंच को भेजा

प्रजनन दर 3.0 से घटकर 1.9 पर आई



■ सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'भारत में घटती प्रजनन दर को देखते हुए दो से अधिक बच्चे होने पर लोगों को अयोग्य ठहराने वाले ऐसे कानूनों पर फिर से विचार करने की जरूरत है।'कोर्ट ने कहा, 2003 के बाद से भारत की कुल प्रजनन दर 3.0 से घटकर 1.9 हो जाने के बाद, जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बनाए गए कानूनों का अब कोई महत्व नहीं रह गया है। अदालत ने 'जावेद बनाम हरियाणा राज्य' मामले में 'दो बच्चों के नियम' को सही ठहराने के लिए दिए गए तर्कों पर भी चिंता जताई। अदालत ने कहा कि अगर यह कानून लागू रहता है, तो नागरिकों का एक पूरा वर्ग राजनीतिक प्रतिनिधित्व से बाहर हो जाएगा।

■ जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने 'महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम, 1959' की धारा 14(1) (j-1) के तहत, काकोडा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव की अयोग्यता को भी रद्द कर दिया। यह अयोग्यता उनके तीसरे बच्चे के जन्म के कारण लगी थी। 1959 के इस अधिनियम में 13 सितंबर, 2000 से जब इस कानून में संशोधन लागू हुआ था। दो से अधिक बच्चे होने पर रोक (कैप) लगा दी गई थी।

इस मामले में सुनवाई

पीठ ने कहा कि 'हमने स्पष्ट किया है कि कैसे 2003 में जावेद बनाम हरियाणा राज्य मामले में ऐसे कानूनों को सही ठहराए जाने के बाद से, भारत की कुल प्रजनन दर 3 से घटकर 1.9 पर आ गई है।' इस टिप्पणी के साथ, कोर्ट ने 'जावेद बनाम हरियाणा राज्य' (2003) के मामले को बड़ी बेंच के पास भेज दिया है। उस मामले में तीन जजों की बेंच ने 'हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994' की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा था, जिसके तहत 2 से अधिक जीवित बच्चे होने पर उम्मीदवारों को स्थानीय चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

खबर संक्षेप

रेजरपे के आईपीओ को मिली सेबी से मंजूरी



नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी रेजरपे को 5,000-6,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। कंपनी सार्वजनिक निर्गम के जरिये करीब पांच अरब डॉलर का मूल्यांकन हासिल करने का लक्ष्य रख रही है।

केकेआर को मिली जेंटारी में हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी

नई दिल्ली। वैश्विक निवेश कंपनी केकेआर को प्रतिस्पर्धा नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मलेशिया की ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी पेट्रोनास के स्वच्छ ऊर्जा मंच जेंटारी रिन्यूएबल्स इंडिया में हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी मिल गई है। केकेआर अपनी सहयोगी कंपनी सैफायर यूएस होल्डको (यूएसए) एलएलसी के जरिये यह निवेश कर रही है।

रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 94.58 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपये में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे मजबूत होकर 94.58 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और विदेशी पूंजी प्रवाह से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी और अमेरिका के मध्यावधि चुनाव के नतीजों से वैश्विक निवेशकों की धारणा में सुधार ने भी रुपये को मजबूती दी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.61 प्रति डॉलर पर खुला।

माइक्रोसाफ्ट के बाद अब गूगल ने दिया कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने का ऑफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट के बाद अब गूगल ने भी अपने कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने का ऑफर दे दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में गूगल अपने कर्मचारियों के लिए 'बायआउट ऑफर' लेकर आया है। जिसके जरिए कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने के लिए ऑफर किया जा रहा है। ये ऑफर कई अन्य देशों तक बढ़ाने का फैसला भी किया गया है।

कंपनी ने ये फैसला अन्य खर्चों की कटौती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर भारी निवेश के मद्देनजर किया है। गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने रॉयटर्स से बातचीत कर इस खबर की पुष्टि की है। कंपनी ने बताया है कि उसने कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान और स्विट्जरलैंड में काम करने वाले अपने कर्मचारियों को वॉलंटरी एग्जिट पैकेज देना शुरू कर दिया है।

गूगल अपने कर्मचारियों के लिए 'बायआउट ऑफर' लेकर आया

माइक्रोसॉफ्ट ने भी दिया ऑफर

बता दें कि पिछले हफ्ते ही एक और बड़ी टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने भी अपने कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने के बदले में अच्छा खासा पैकेज ऑफर किया है। कंपनी ने करीब 60,000 कर्मचारियों को 'बायआउट कॉन्ट्रैक्ट' दिए थे। जिसमें भारत के कर्मचारियों का नाम भी शामिल था। माइक्रोसॉफ्ट ने भी एआई के विस्तार के लिए ये ऑफर कर्मचारियों को दिया है।



■ कंपनी ने यह फैसला अन्य खर्चों में कटौती और एआई में भारी निवेश के मद्देनजर लिया

भारत में भी पड़ेगा असर?

हालांकि फिलहाल जिन देशों का नाम आया है, उनमें भारत के कर्मचारियों का जिक्र नहीं है। भारतीय कर्मचारियों को फिलहाल ऐसा कोई ऑफर नहीं दिया गया है, कि उन्हें नौकरी छोड़ने के बदले में कुछ पैकेज दिया जा रहा है। लेकिन हो सकता है कि आने वाले समय में कंपनी इसका विस्तार करें और भारतीय कर्मचारियों पर भी इसका असर पड़े। कंपनी ने ये कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब गूगल और अन्य बड़ी टेक कंपनियां एआई पर भारी खर्च कर रही हैं। इस वजह से वॉल स्ट्रीट चिंतित हो गया है और अल्फाबेट के शेयरों की कीमत में गिरावट आई है।

कनवा ने 22 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की

कनवा इंडस्ट्रीज ने मंगलवार को घोषणा की कि वह अपने परिचालन में कटौती और पुनर्गठन करेगी, जिससे 1,271 कर्मचारी प्रभावित होंगे। यह कंपनी के कुल कार्यबल का 22 प्रतिशत है। सिडनी स्थित इस डिजाइन प्लेटफॉर्म को एक दशक में पहली बार विकास में मंदी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कंपनी की वेबसाइट पर एक नोट में बताया कि कुछ कर्मचारियों की नौकरी जाएगी, जबकि अन्य की भूमिकाएं बदली जाएंगी या उन्हें केंद्रीय कार्यालयों में स्थानांतरित किया जाएगा।

कर्मचारी तीन दिन कार्यालय में काम करेंगे

कंपनी अपने उत्पाद, वृद्धि और प्लेटफार्म विभागों को मिलाकर एक प्रोडक्ट आर्ग बनाएगी और टीमों के बीच विखंडन को कम करेगी। सिडनी को उत्पाद टीमों के लिए प्राथमिक स्थान बनाया जाएगा, जिसके लिए कुछ कर्मचारियों को स्थानांतरित होना होगा। जनवरी से, अधिकांश हाइब्रिड कर्मचारी सप्ताह में दो से तीन दिन कार्यालय में काम करेंगे।

पिछले छह माह में सोने की कीमतों में 12 फीसदी की गिरावट आई

सोने की कीमतों में गिरावट से गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ा, मांग बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोने की कीमतों में हालिया गिरावट के बीच निवेशकों का रुझान गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की ओर बढ़ा है। आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ योजनाओं के प्रबंधन के तहत कुल परिसंपत्तियां (एयूएम) अप्रैल के 1.58 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर अक्टूबर में 1.91 लाख करोड़ रुपये हो गईं। पिछले छह महीनों में सोने की कीमतों में करीब 12 प्रतिशत की गिरावट आई है।

■ आने वाले महीनों में कीमतों में और सुधार की उम्मीद

हालांकि, आने वाले महीनों में कीमतों में सुधार की उम्मीद से कीमती धातु में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है। सोने की कीमत 29 मई को 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से घटकर 31 अक्टूबर को 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इस तरह इसमें 20,900 रुपये यानी 12.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को सोना 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले सत्र के बंद भाव से 4,800 रुपये अधिक है।

■ कुल परिसंपत्तियां अक्टूबर में बढ़कर 1.91 लाख करोड़ हुई

■ खरीदार सोने के आभूषणों के बजाय गोल्ड ईटीएफ की ओर रुख कर रहे



ईटीएफ ने 30.7 फीसदी का दिया रिटर्न

आंकड़ों के अनुसार, निप्पॉन इंडिया गोल्ड ईटीएफ बीईईएस और आईसीआईसीआई गोल्ड ईटीएफ ने 30.7-30.7 प्रतिशत का रिटर्न दिया, जबकि इन्वेस्को गोल्ड ईटीएफ का रिटर्न 30.6 प्रतिशत रहा। गोल्ड ईटीएफ ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होती हैं और घरेलू बाजार में भौतिक सोने की कीमत को दर्शाती हैं। इसमें एक यूनिट 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले एक ग्राम भौतिक सोने के बराबर होती है।

सीजन में सोने की मांग को समर्थन मिलने की उम्मीद

शरण ने कहा कि जारी त्योहारी और शादी-ब्याह के सीजन से भी सोने की मांग को समर्थन मिलने की उम्मीद है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने अपनी ताजा तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी अगले 12 महीनों में सोने की कीमतों को और समर्थन दे सकती है। पिछले 12 माह में सोने पर आधारित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) ने 30 प्रतिशत से अधिक का लाभ दिया है।

भौतिक सोने को लेकर चिंता बनी रहती है

भौतिक सोने के मुकाबले ईटीएफ में निवेश करने पर आभूषण बनाने का शुल्क नहीं देना पड़ता, जो आभूषणों की कीमत में करीब 15 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, इसमें सोने की चोरी और बैंक लॉकर के किराये की चिंता भी नहीं रहती, क्योंकि इसकी यूनिट डीमैट खाते में रखी जाती हैं। निवेशक बाजार के कारोबारी समय के दौरान एनएसई और बीएसई पर लाइव कीमतों के आधार पर ईटीएफ यूनिट खरीद और बेच सकते हैं।

ईटीएफ में निवेश छोटी रकम से भी

भौतिक सोना बेचते समय लगने वाली कटौती और शुद्धता की जांच के शुल्क से भी बचा जा सकता है। गोल्ड ईटीएफ के जरिये निवेशक छोटी रकम से भी सोने में निवेश कर सकते हैं। इसमें व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) का विकल्प भी उपलब्ध है।

एक दिन में 455 एचआर कॉइल उत्पादन एनएमडीसी स्टील ने रिकॉर्ड बनाया



नगरनार। एनएमडीसी स्टील के नगरनार स्टील प्लांट ने नवंबर महीने की शुरुआत शानदार ढंग से की। तीन नवंबर 2026 को एनएमडीसी स्टील मेंएक ही दिन में455 हॉट रोल्ड (एचआर) कॉइल का उत्पादन किया गया। यह प्लांट की शुरुआत सेलेकर अब तक का एक दिन का सबसेअधिक एचआर कॉइल उत्पादन है। 24 घंटेके भीतर 455 एचआर कॉइल का उत्पादन, एनएसएल की हॉट स्ट्रिप मिल की तकनीकी उत्कृष्टता और एनएमडीसी स्टील के कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता को बखूबी दर्शाता है। इससे पहले, इसी महीने के पहले दिन 440 एचआर कॉइल का उत्पादन हुआ था, जो उस समय तक का सबसेबड़ा दैनिक आंकड़ा था। गौरतलब है कि 2025-26 मेंनगरनार स्टील प्लांट ने 23,24,902 टन का उत्पादन किया, जो पिछलेवर्षके 14,38,646 टन के मुकाबले 63% की वृद्धि दर्शाता है। यही गति एचआर कॉइल्स केएक दिन के मौजूदा रिकॉर्डउत्पादन में भी दिखाई देती है।

ऑनलाइन कारोबार पर रिलायंस रिटेल का बड़ा दांव, एनालिस्टों ने भी दिखाई झंडी

नई दिल्ली। एफवाई27 को निवेश का साल मान रहे ब्रोकरेज हाउस, एफवाई28 और एफवाई29 में मुनाफे की रफ्तार बढ़ने की उम्मीद* क्विक कॉमर्स, डार्क स्टोर और सप्लाई चेन के विस्तार पर जोर, मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने की तैयारी* जियोमार्ट का ऑनलाइन ग्रॉसरी कारोबार 42% बढ़ा, 303 नए स्टोर खोले मुंबई, 4 नवंबर 2026: रिलायंस रिटेल अपने ऑनलाइन कारोबार और क्विक कॉमर्स को मजबूत बनाने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है। जेपी मॉर्गन, बैंक ऑफ अमेरिका और सीएलएसए जैसे प्रमुख ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी की इस रणनीति पर सकारात्मक रुख जताया है। एनालिस्टों का मानना है कि रिलायंस रिटेल के लिए चालू वित्त वर्ष 2026-27 निवेश और कारोबारी पुनर्गठन का साल है। इन निवेशों का फायदा वित्त वर्ष 2028 और 2029 में मिलने और मुनाफे की रफ्तार बढ़ने की उम्मीद है। रिलायंस रिटेल का निवेश मुख्य रूप से क्विक कॉमर्स, डार्क स्टोर नेटवर्क, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने पर केंद्रित है। कंपनी ग्राहकों के नजदीक सामान उपलब्ध कराने और ऑनलाइन ऑर्डर की तेज डिलीवरी के लिए अपना नेटवर्क बढ़ा रही है। साथ ही, मौजूदा स्टोर नेटवर्क को कंसोलिडेट कर ऑनलाइन और ऑफलाइन कारोबार के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर जोर है। जेपी मॉर्गन का अनुमान है कि रिलायंस रिटेल का ऑनलाइन कारोबार FY28 से मुनाफे में सकारात्मक योगदान देने लगेगा। बैंक ऑफ अमेरिका के मुताबिक, कंपनी अल्पकालिक कमाई की वृद्धि के बजाय मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार करने को प्राथमिकता दे रही है।

हैवेल्स के अलवर संयंत्र में कर्मचारियों का प्रदर्शन

नई दिल्ली। बिजली के उपकरण बनाने वाली कंपनी हैवेल्स इंडिया लिमिटेड के राजस्थान के अलवर स्थित विनिर्माण संयंत्र में कर्मचारियों का एक वर्ग प्रदर्शन कर रहा है। हालांकि, कंपनी के प्रबंधन दल ने मुद्दे का समाधान निकालने के लिए उनसे बातचीत शुरू कर दी है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि तीन नवंबर को कुछ कर्मचारी अपनी कुछ मांगों को लेकर कारखाने के द्वार पर एकत्र हुए थे। कंपनी ने इन मांगों को अनुचित'' बताया। हैवेल्स ने कहा, ''प्रबंधन दल इन कर्मचारियों के साथ बातचीत कर रहा है, ताकि उनकी संतुष्टि के अनुसार मामले का समाधान किया जा सके।''

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार पांचवें दिन तेजी

सेंसेक्स 384 अंक और निफ्टी 150 अंक चढ़ा

मुंबई (भाषा)। शेयर बाजार में दिवाली का जश्न जारी है। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में 384 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 150 अंक चढ़ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच प्रमुख वित्तीय, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और वाहन शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 383.55 अंक यानी 0.50 प्रतिशत चढ़कर दो महीने से अधिक के उच्चतम स्तर 77,301.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 478.19 अंक की तेजी के साथ 77,396.04 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 149.75 अंक यानी 0.63 प्रतिशत बढ़कर 23,960.60 अंक पर बंद हुआ। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 4,055.37 अंक यानी 5.53 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि निफ्टी में 1,261.75 अंक यानी 5.55 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और इटर्नल के शेयर में गिरावट आई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.73 प्रतिशत टूटकर 102.8 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

हर्बल कुंभ, जड़ी-बूटी कृषि मेला एवं धन्वंतरि महोत्सव का शुभारंभ



■ पांच वर्षों में दुनिया का ध्यान खींचेगा धन्वंतरि धाम : आचार्य बालकृष्ण

पौड़ी गढ़वाल/हरिद्वार। हिमालय की सुरम्य वादियों में आयुर्वेद, औषधीय वनस्पतियों, प्राकृतिक खेती और भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में पतंजलि ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित मालागाम में विकसित किए जा रहे 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय-श्री धन्वंतरि धाम' में बुधवार को तीन दिवसीय 'हर्बल कुंभ, जड़ी-बूटी कृषि मेला एवं धन्वंतरि महोत्सव-2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में धन्वंतरि धाम की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देगी। यह स्थान केवल उत्तराखंड या भारत ही नहीं, बल्कि विश्व में औषधीय वनस्पतियों, आयुर्वेद, अनुसंधान, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मालागाम के दुर्गम वन क्षेत्र में जिस स्तर का कार्य हुआ है, वह अद्भुत है। प्रकृति, पर्यावरण, परंपरा और परमार्थ के समन्वय से विकसित यह परिसर आने वाले वर्षों में दुनिया के लिए अध्ययन और प्रेरणा का केंद्र बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि एक वर्ष के भीतर धन्वंतरि धाम प्रमुख तीर्थ के रूप में विकसित होगा। साथ ही प्रदेश के किसानों को यहां विशेष प्रशिक्षण दिलाने और विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों को अध्ययन के लिए भेजने की बात कही। धन सिंह रावतमुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि वह पिछले पांच वर्षों से इस परियोजना की प्रगति देख रहे हैं। शुरुआती दौर में जब वह यहां आए थे, तब इस दुर्गम वन क्षेत्र में इतने बड़े प्रकल्प के विकसित होने की संभावनाओं को लेकर उनके मन में भी सवाल थे। लेकिन इस बार यहां पहुंचकर जो परिवर्तन देखा, वह कल्पना से परे है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में परिसर में व्यापक विकास हुआ है।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 348 दिनांक 25.10.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर सोनीपत जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम- सोनिया।
पति का नाम - गोविन्द।
पता- वासी गाँव जाहरी जिला सोनीपत।
उम्र -28 वर्ष।
कद - 5 फुट 3 इंच।
हुलिया:- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, काली आँखें, काले बाल, हष्ट-पुष्ट शरीर, बाईं आँख की भौं के ऊपर चोट का निशान है।
पहनावा - हरे रंग का सूट-सलवार पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.10.2026 को सोनिया पत्नी गोविन्द वासी गाँव जाहरी जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है। जो अब तक घर वापिस नहीं आई हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो.नं.- 7419410534
अनुसंधानकर्ता मो.नं.- 9671284620
कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5575/2027/50783/88/6 दि. 04.11.26

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।


मीन पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्सः एशिया 2027 में एसआरएम एपी का शानदार प्रदर्शन



नई दिल्ली। वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी, अमरावती ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्सः एशिया 2027 में अपनी जगह बनाई है। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की बढ़ती पहचान को दर्शाती है। विश्वविद्यालय ने आंध्र प्रदेश के सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों (ओवरऑल) में पहला स्थान हासिल किया है। इसके अलावा, यह दक्षिण एशिया (ओवरऑल) के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों, भारत के शीर्ष 51 विश्वविद्यालयों (ओवरऑल) और देश के शीर्ष 25 निजी विश्वविद्यालयों में शामिल हुआ है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्सः एशिया 2027 दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित और व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय रैंकिंग प्रणालियों में से एक है। यह रैंकिंग संस्थानों के प्रदर्शन का वैश्विक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षाविदों, नियोक्ताओं और उच्च शिक्षा से जुड़े हितधारकों को विभिन्न देशों और क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता एवं उपलब्धियों को समझने और उनकी तुलना करने में मदद मिलती है। इस रैंकिंग में अनुसंधान एवं नई खोज, शिक्षण अनुभव, वैश्विक सहभागिता और रोजगार क्षमता जैसे प्रमुख मानकों के आधार पर संस्थानों का मूल्यांकन किया जाता है। एमआरएम यूनिवर्सिटी-एपी में इन प्राथमिकताओं को उसके विस्तारित होते अनुसंधान तंत्र, बहुविषयक शैक्षणिक कार्यक्रमों, उद्योगोन्मुखी शिक्षण अवसरों और बढ़ती अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के माध्यम से साकार किया जा रहा है।

शब्द पहेली - 6399




बाएँ से दाएँ
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

ऊपर से नीचे
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

शब्द पहेली- 6398 का हल

स	ज	दा	क	र	ना	■	म	त	वा	ला
ह	रा	■	त	■	का	म	ना	■	दा	वा
न	■	बे	र	ह	म	■	ना	रा	■	दि
शी	ल	वा	न	■	या	द	■	नी	र	स
ल	■	प	■	ख	ब	र	ची	■	न	■
ता	र	न	हा	र	■	का	न	भ	र	ना
■	म	■	र	ह	ब	र	■	यं	■	प
प्र	ण	य	■	रा	ठु	■	ब	क	वा	स
ति	■	दा	स	■	बे	क	रा	र	■	व्द
का	न	■	चि	रा	ग	■	म	■	क	हो
र	म	जा	न	■	म	द	द	क	र	ना



खबर संक्षेप

झोटा हत्याकांड में 1200 युवकों पर एफआईआर

मानसा। पंजाब के मानसा में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड को लेकर जांच एजेंसियों की कार्रवाई जारी है। मानसा पुलिस ने केमिस्ट शॉप तोड़ने के मामले में 1,200 अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मानसा पुलिस ने स्टोर मालिक अश्विनी की तोड़ी गई दुकान का मलबा हटाना शुरू कर दिया। परिवार झोटा के शव का पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार कराने पर सहमत हो गया, जिसके साथ ही 22 दिन से जारी आंदोलन समाप्त हो गया।

'हनुमान अंश' के गायक का आंखों का इलाज शुरू

भोपाल। फिल्म 'हनुमान अंश' में 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान' भजन गाकर लोकप्रिय हुए दृष्टिबाधित लोक गायक सुनील लोधी की आंखों का इलाज शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर उनके उपचार की व्यवस्था की गई है। फिल्म की सफलता के बाद मुख्यमंत्री ने सुनील की आंखों के इलाज का वादा किया था।

प्रशांत भूषण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का डिजिटल रूप से छेड़छाड़ किया गया एक वीडियो साझा करने के आरोप में उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। वीडियो में कथित तौर पर भारत विरोधी टिप्पणियां थीं। पुलिस ने साइबर निगरानी के बाद तीन नवंबर को सोशल मीडिया मीडिया मंच पर 'ऐटदीरेटदकोट्सन्यूज' हैंडल से की गई एक पोस्ट देखी थी।

तमिलनाडु और केरलम में ईडी की छापेमारी

कोच्चि। प्रवर्तन निदेशालय ने एक सहकारी समिति और उसके प्रवर्तक के खिलाफ धन शोधन की जांच के सिलसिले में बुधवार को केरलम और तमिलनाडु में छापेमारी की। जांच में भारत लझना मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटी' के संस्थापक सदस्य और वास्तविक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर. प्रेमकुमार तथा कुछ अन्य लोग शामिल हैं।

टीएमसी विधायक के दफ्तर से एक करोड़ जब्त

कोलकाता। बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर इलाके में, तृणमूल कांग्रेस के एक बागी विधायक के कार्यालय से एक करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई। डायमंड हार्बर के सरिशा इलाके में, टीएमसी सांसद अभिषेक के गिरफ्तार सहयोगी सुमित रॉय से पूछताछ के बाद, मगराहाट पश्चिम के विधायक शमीम अहमद के ठिकानों पर छापेमारी की गई और वहां से कुछ चीजें जब्त की गईं।

ट्विशा : गिरिबाला की जमानत अर्जी 'निरस्त'

जबलपुर। ट्विशा शर्मा मौत मामले में आरोपी पूर्व जिला जज गिरीबाला सिंह को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। हाई कोर्ट ने उनकी नियमित जमानत अर्जी निरस्त कर दी। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की सिंगल बेंच ने दोनों पक्षों और सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान गिरिबाला के फोन काल, पार्लर के फुटेज, ट्विशा की चैट व जांच प्रभावित करने की आशंका जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे उठे थे।

महाराष्ट्र में 73 लाख किसानों को 5-5 हजार

मुंबई। महाराष्ट्र में सूखे की मार झेल रहे किसानों के लिए राज्य सरकार ने राहत राशि जारी की है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया



कि दिवाली से पहले 73 लाख किसानों के बैंक खातों में 5-5 हजार की शुरुआती राहत पहुंच चुकी है। जिन किसानों को अभी तक पैसा नहीं मिला है, उन्हें 2 दिनों में भुगतान किया जाएगा। करीब 95 फीसदी को इस अवधि में राहत राशि मिल जाएगी। राज्य में 4.86 लाख किसानों के लिए 4,764 करोड़ रुपए की कर्जमाफी की राशि भी जारी की गई है।

संगरूर में कांग्रेस की इंसाफ रैली में गरजे

11 बजे ही मान के मुंह से आने लगती थी बदबू

एजेंसी ▶▶| संगरूर(पंजाब)

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था और ड्रग्स के मुद्दे पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता की बुधवार को राज्य के संगरूर में एक रैली आयोजित की गई। इस दौरान रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की आम आदमी पार्टी की सरकार युवाओं को नशे की तरफ धकेल रही है। उन्होंने सीएम पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि जब भगवंत मान सांसद थे, तब वे हमारी बैठकों में चुटकुले सुनाने का काम करते थे। साथ ही उन्होंने कहा कि सुबह के 11 बजते ही उनके मुंह से शराब की बदबू आती थी। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री को लेकर कहा कि भगवंत मान का शराब पीना उनका व्यक्तिगत मामला है, लेकिन अगर पंजाब नशे से लड़ना चाहता है, तो यहां का मुख्यमंत्री हर शाम नशा नहीं कर सकता। राहुल गांधी ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा के



■ संसद का विशेष सत्र बुलाने के भाजपा के प्रस्ताव पर तंज कसा

लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने के भाजपा के प्रस्ताव पर तंज भी कसा।

अमित शाह को भी घेरा

राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने तीन साल के अंदर पंजाब से नशा खत्म करने का वादा किया था, लेकिन केंद्र की सरकार तो अब एक साल में ही खत्म हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अमित शाह कानून-व्यवस्था की तो बात करते हैं, लेकिन उनके राज में गैंगस्टर पाले हुए हैं। यह बात पूरा देश जानता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जब केंद्रीय मंत्री कानून-व्यवस्था की बात करते हैं, तो ऐसे में उन्हें मणिपुर का जिक्र भी करना चाहिए।

रवि शंकर प्रसाद का राहुल गांधी से सवाल

आप 2024 में सांसद बने तो क्या आप इस्तीफा देंगे

भाषा ▶▶| चंडीगढ

वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने चुनावी अनियमितताओं का आरोप लगाए जाने को लेकर बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की और नेता प्रतिपक्ष से पूछा कि क्या वह संसद की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। सिख-विरोधी दंगों को लेकर भाजपा द्वारा आयोजित एक सभा में लोगों को संबोधित करते हुए, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद प्रसाद ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाने को लेकर गांधी की आलोचना की। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी 'एसआईआर' के बारे में बहुत कुछ बोलते रहते हैं। मुझे नहीं पता कि वह 'एसआईआर' को कितना समझते हैं। राहुल गांधी, आज आप कह रहे हैं कि 2024 का चुनाव भी गलत था। मैं आपसे एक सवाल पूछता हूँ: क्या आप इस्तीफा देंगे? आप 2024 में सांसद बने, तो क्या आपकी पार्टी के बाकी सभी लोग भी इस्तीफा देंगे? क्या हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस्तीफा देगी? राहुल गांधी,



■ चुनावी अनियमितताओं के आरोपों पर कांग्रेस नेता की आलोचना की

क्या तेलंगाना और कर्नाटक की सरकारें भी इस्तीफा देंगी?" प्रसाद ने कहा, "अब वह ज्ञानेश कुमार (मुख्य निर्वाचन आयुक्त) के पीछे पड़े हैं। उन्हें कौन समझाएगा कि 2024 में कुमार निर्वाचन आयोग में थे ही नहीं? राहुल गांधी न तो अपना 'होमवर्क' करते हैं और न ही तथ्यों को समझते हैं। मुझे बताया गया है कि पंजाब में सभी दल एसआईआर को लेकर एकजुट थे और उन्होंने इसकी तारीफ भी की थी।" रविवार को दिल्ली में हुई एक रैली में, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया'ने 'वोट चोरी' के आरोप को लेकर भाजपा को सत्ता से हटाने का आह्वान किया था। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भविष्य में ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाया जाएगा और देशद्रोह के आरोप में जेल भेजा जाएगा।

यूपी सीएम ने दीपावली के बहाने साधा निशाना

राहुल गांधी फुस्स रॉकेट व अखिलेश हार के बहानेबाज

एजेंसी ▶▶| गोरखपुर

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस सांसद राहुल और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। राहुल गांधी को फुस्स रॉकेट बताते हुए उन्होंने कहा कि उनका बारूद समाप्त हो चुका है। कांग्रेस चाहे जितनी बार उन्हें लॉन्च कर ले, अब वह लॉन्च नहीं होने वाले। वहीं, अखिलेश के बदला लेने संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के बबुआ को कोई समझाए कि लोकतंत्र में बदला नहीं, जनता बदलाव करती है। मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि पाक और बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाने पर कांग्रेस और उसके सहयोगियों को आपत्ति क्यों है? इंडी गठबंधन चुनावी पराजय छिपाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। मुख्यमंत्री योगी महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में भाजपा द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



योगी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया

योगी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनका यह पहला गोरखपुर दौरा है। लोकतंत्र को मजबूत करने और अराजकता के खिलाफ जनजागरण के लिए उन्होंने बाबा गोरक्षनाथ की धरती को चुना है। यह पदयात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जुड़ी है। सीएम योगी ने अखिलेश यादव के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष ने कहा है कि अगली पीढ़ी हर लाठी और हर जख्म का बदला लेगी। उन्होंने पलटवार किया कि समाजवादी पार्टी के बबुआ को समझना चाहिए कि लोकतंत्र में बदला नहीं, जनता बदलाव करती है।

इंदौर में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में बोले-होसबोले

आरक्षण सामाजिक आधार पर जारी रहना चाहिए, राजनीति के लिए इस्तेमाल न हो

हरिभूमि न्यूज/एजेंसी ▶▶| इंदौर

इस बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हुए

एक घंटा मोबाइल से दूर रहकर परिवार के सदस्य साथ बैठें

मतदाता सूची के परीक्षण पर राजनीति क्यों होनी चाहिए?

इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक बुधवार को समाप्त हो गई। डेली कॉलेज में 2 नवंबर से चल रही इस बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हुए। समापन के बाद सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने आरक्षण, मंदिरों के मामलों, संगठन विस्तार, एसआईआर, संघ के पंजीयन और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर संघ का पक्ष रखा। आरक्षण पर होसबोले ने कहा कि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को जब तक समान अवसर नहीं मिलते, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। इसका लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। आरक्षण सामाजिक और ऐतिहासिक परिस्थितियों के आधार पर हो, राजनीति के लिए नहीं। कृष्ण जन्मभूमि समेत अदालतों में चल रहे मंदिरों के मामलों पर उन्होंने कहा, 'हमें राम मंदिर बनाकर दिखाना था, वह हमने बना दिया। बाकी मामले कोर्ट में चल रहे हैं, उन्हें वहीं रहने देना चाहिए।'



बैठक में आंकड़े भी पेश किए

- सामाजिक एकता और समरसता के लिए देशभर में 94,218 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए
- एक साल में संघ की पहुंच 10,241 नए स्थानों तक बढ़ी और अब 63,208 स्थानों पर 99,423 शाखाएं संचालित

शताब्दी वर्ष में संगठन का विस्तार हुआ

संघ के शताब्दी वर्ष में संगठन का विस्तार हुआ है। एक साल में संघ की पहुंच 10,241 नए स्थानों तक बढ़ी है। अब देश के 63,208 स्थानों पर 99,423 शाखाएं संचालित हो रही हैं। इसके अलावा 34,982 साप्ताहिक मिलन और 14,096 मासिक मंडलियां भी चल रही हैं। इन गतिविधियों के जरिए संघ की पहुंच कुल 1,03,397 स्थानों तक हो गई है। सामाजिक एकता और समरसता के लिए देशभर में 94,218 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। संघ के मुताबिक, इनमें करीब पांच करोड़ लोगों ने भाग लिया।

शासन व्यवस्था में बदलाव मुद्दे पर रखे विचार

युवाओं को भड़काने के पीछे साजिश भी हो सकती है

रीजीम चेंज यानी शासन व्यवस्था में बदलाव के मुद्दे पर होसबोले ने कहा कि समाज में अशांति फैलाना और हिंसा के जरिए बदलाव लाना देशहित में नहीं है। युवाओं को भड़काने की कोशिश के पीछे साजिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि युवाओं से संवाद कर उनकी सोच और समस्याओं को समझना जरूरी है। युवाओं में प्रतिभा और कौशल है। उन्हें सकारात्मक दिशा देने की जरूरत है। होसबाले ने बताया कि संघ ने कॉलेज के युवाओं को सीमावर्ती क्षेत्रों से जोड़ने का कार्यक्रम भी किया था। युवाओं की वास्तविक समस्याओं और मांगों का प्रशासनिक स्तर पर समाधान होना चाहिए। बैठक में समाजसेवी महापुरुषों के कार्यों को आगे बढ़ाने, जेन-जेड के बदलते रुझानों और शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती की भूमिका पर भी चर्चा हुई।

नशे के शिकार युवाओं की काउंसलिंग करेंगे

होसबोले ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए संघ विशेष योजना बनाएगा। जो युवा ड्रग्स और नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं, उनकी काउंसलिंग की जाएगी। युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर भी काम होगा। नवंबर-दिसंबर में संघ के प्रांतों में संघचालकों का निर्वाचन और नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

आप विधायक के घर-फ्लैट के बाद अस्पताल में ईडी की रेड

एजेंसी ▶▶| लुधियाना

पंजाब की मोगा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) की महिला विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा के ठिकानों पर ईडी ने बुधवार सुबह रेड की। सबसे पहले उनके मोगा स्थित घर में टीमें पहुंची। इसके बाद मोगा-लुधियाना रोड पर आइकन फ्लैटों में तलाशी ली गई। दोपहर तक एक टीम लुधियाना के खन्ना स्थित उनके ननिहाल भी पहुंच गई। दोपहर बाद टीम ने मोगा में बाघापुराना स्थित आशीर्वाद नशा मुक्ति अस्पताल पर रेड की। इस अस्पताल का संबंध विधायक के पति से बताया जा रहा है। डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा को 3 दिन पहले ही आप ने 2027 के पंजाब चुनाव के लिए दोबारा टिकट दी थी। अमनदीप पंजाब में आप की महिला विंग की प्रधान भी हैं।

▶▶ लुधियाना में ननिहाल पहुंची टीमें



▶▶ पार्टी के समर्थकों ने जोरदार प्रदर्शन किया

दबाव डाला जा रहा

वहीं अमनदीप पर रेड का पता चलते ही उनके समर्थक भड़क गए। उन्होंने विधायक के घर के बाहर इकट्ठा होकर ईडी के खिलाफ घर के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हालांकि अभी ईडी रेड की वजह सामने नहीं आई है। मोगा के सीनियर डिप्टी मेयर काला बजाज और शहरी प्रधान प्रेम चंद चक्कीवाला ने आरोप लगाया कि विधायक पर भाजपा में शामिल होने का दबाव डाला जा रहा है।

न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग कार्रवाई से पहले सभी दलों से चर्चा करेंगे : बिरला

तिरुवनंतपुरम (भाषा)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया पर आगे बढ़ने से पहले वह राजनीतिक दलों के नेताओं से परामर्श करेंगे और संबंधित नियमों की समीक्षा करेंगे। जांच समिति ने न्यायमूर्ति वर्मा को उनके आधिकारिक आवास पर नकदी मिलने के मामले में दोषी पाया है। बिरला ने यहां एक सम्मेलन से इतर संवाददाताओं से कहा, "हम नियमों को देखेंगे और उनकी जांच करेंगे। आगे की कार्रवाई का फैसला करने से पहले हम राजनीतिक दलों के नेताओं से भी परामर्श



करेंगे। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के तहत बिरला द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति ने अगस्त में संसद के दोनों सदनों में अपनी रिपोर्ट पेश की थी। समिति ने कहा था कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ अघोषित नकदी, परेशान करने वाले साक्ष्य और टालमटोल भरे स्पष्टीकरण से जुड़े आरोप साबित हुए हैं।

केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी बोले

राजमार्गों, एक्सप्रेसवे पर अब भी उचित संकेतकों की कमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि शहरी सड़क विकास में बेहतर परियोजना तैयार करने, कुशल इंजीनियरों और अधिक जवाबदेही की जरूरत है।

आर्थिक शोध संस्थान 'नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकॉनमिक रिसर्च' (एनसीएईआर) और जना अर्बन स्पेस (जनाग्रह) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि भारतीय राजमार्गों और



हर सड़क पर उचित और स्पष्ट संकेतक होने चाहिए

एक्सप्रेसवे पर उचित संकेतक नहीं हैं, जो सड़क दुर्घटनाओं का एक कारण भी हैं। उन्होंने कहा कि हर सड़क पर उचित और स्पष्ट संकेतक होने चाहिए। मैंने विश्वस्तरीय संकेतक नीति तैयार की थी, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इसे लागू नहीं किया।

मणिपुर में दो नगा गुटों के बीच गोलीबारी, 4 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| नोनी

मणिपुर के नोनी जिले में बुधवार सुबह करीब 4 बजे दो नगा उग्रवादी गुटों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 4 उग्रवादियों के मारे जाने की आशंका है। गोलीबारी में जेलियांग्रोंग यूनाइटेड फ्रंट (जेंचुई) और नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालिम के सदस्य के शामिल होने की आशंका है।

यह घटना खौपुम इलाके के ताओदाइजांग गांव में हुई। घटना के बाद महिलाएं समेत कई गांव वाले मौके पर पहुंचे और दोनों गुटों से गोलीबारी रोकने की अपील की।



इस बीच, गोलीबारी के डर से गांव वाले अपने घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जा रहे हैं। इस बीच, रोंगमेई नगा लुपुआम संगठन ने दोनों सशस्त्र गुटों से लड़ाई बंद करने और शांति बनाए रखने की अपील की है। संगठन ने कहा कि लगातार गोलीबारी से आम लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

प्रधानमंत्री पहुंचे 'शाही' शादी में



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के शाही परिवार के राजकुमार मार्तंड सिंह और पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल की बेटी रिया बादल के विवाह रिसेप्शन में शामिल हुए।

चुनाव आयुक्तों को आजीवन छूट के खिलाफ याचिका दायर

- सुप्रीम कोर्ट का केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस
- 2023 एक्ट की धारा-16 के तहत इम्यूनिटी मिली है
- याचिका में पूछा- क्या चुनाव आयुक्तों को इस तरह कानूनी कार्रवाई से छूट देना संविधान के अनुरूप है

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयुक्तों को आजीवन मिलने वाली कानूनी छूट को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। 2023 की धारा 16 के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों को अपने सरकारी कामकाज के दौरान किए गए फैसलों के लिए आपराधिक मुकदमों से आजीवन कानूनी सुरक्षा दी गई है। याचिका में धारा 16 पर सवाल उठाया गया है कि क्या चुनाव आयुक्तों को इस तरह कानूनी कार्रवाई से छूट देना संविधान के अनुरूप है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस वी. महादेवन की पीठ ने यह नोटिस जारी किया। याचिका सामाजिक कार्यकर्ता और वकील अरुण कुमार अग्रवाल ने दायर की है। कोई अदालत मुख्य निर्वाचन आयुक्त या चुनाव आयुक्त के खिलाफ उनके आधिकारिक काम से जुड़े मामले में दीवानी या आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं कर सकती। यदि ऐसी कार्यवाही पहले से चल रही है, तो अदालत उसे आगे भी जारी नहीं रख सकती।

आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र बदलने को लेकर सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को संसद और राज्य विधानसभाओं के अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों को अनिवार्य रूप से चक्रीय आधार पर बदलने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि ऐसे फैसले विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आते हैं और अदालतें इस संबंध में आदेश नहीं दे सकतीं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा 9(1)(सी) को बरकरार रखा गया था।



यह प्रावधान उन क्षेत्रों में आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान करने से संबंधित है, जहां एससी/एसटी आबादी का अनुपात तुलनात्मक रूप से अधिक है। याचिकाकर्ता जगदीश सिंह उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के 191-कादीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं। उन्होंने इस निर्वाचन क्षेत्र को लगातार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रखे जाने को चुनौती दी थी। उनका दावा था कि इस सीट के गठन के बाद से करीब सात दशक से यह सीट आरक्षित है। उन्होंने दलील दी कि आरक्षण में आवर्तन की व्यवस्था नहीं होने से संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 19 का उल्लंघन होता है।

मुश्किलों में घिरे सीईसी ज्ञानेश

रिश्वत का मामला, 20 साल पुराने केस में जांच को मंजूरी

एजेंसी ▶▶| केरलम

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। केरलम में उनके खिलाफ करीब 20 साल पुराने कथित रिश्वत मामले की जांच का रास्ता खुल गया है। राज्य सरकार ने पूर्व लोक निर्माण विभाग सचिव रहे ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन ब्यूरो को मंजूरी दे दी है। आरोप है कि साल 2006 में केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण का काम पूरा होने के बाद भुगतान जारी करने के बदले 2 करोड़ की रिश्वत मांगी गई थी। दिल्ली में मीडिया से बातचीत में मंत्री रमेश चेन्निथला ने कहा कि उन्होंने एक दिन पहले ज्ञानेश के खिलाफ जांच की अनुमति दी है। पूर्व पीडब्ल्यूडी सचिव के खिलाफ कई तरह के आरोप लगाए गए थे, जिन्हें लेकर विजिलेंस विभाग जांच करना चाहता था। चेन्निथला ने बताया कि जांच की मंजूरी दी है।



अमेरिका : शिकार का चस्का लगा

मुर्गियां खाकर मोटा हुआ बाज, उड़ना ही भूल गया

मुर्गीखाने को अपना नियमित भोजनालय बनाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के वर्जीनिया में एक ऐसा अनोखा मामला सामने आया है जहाँ एक बाज मुर्गियां खा-खाकर इतनी मोटी हो गई कि उड़ना ही भूल गई। सामान्य रूप से 450 ग्राम वजन वाली यह मादा बाज दावतें उड़ाते-उड़ाते 900 ग्राम यानी अपने सामान्य वजन से दोगुनी भारी हो गई! अब यह उड़ नहीं पा रही थी, जिसके बाद रेस्क्यू सेंटर में इसका इलाज और डाइट प्लान शुरू किया गया है। इस बाज ने पड़ोसी के मुर्गीखाने को अपना नियमित भोजनालय बना लिया था और लगातार मुर्गियों का शिकार करके खा रही थी। सामान्य रूप से इस प्रजाति के बाज का वजन 450 से 500 ग्राम होता है, ज्यादा खाने की वजह से इसका वजन बढ़कर लगभग 907 ग्राम पहुंच गया।

जांच और इलाज

जब यह बाज उड़ नहीं पाई और जमीन पर मिली, तो लोगों ने इसे रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि यह किसी बीमारी से नहीं, बल्कि शरीर में जरूरत से ज्यादा चर्बी जमा होने के कारण उड़ने में असमर्थ हो गई है।

चिंतन

ट्रंप को दुनिया में उथल पुथल मचाने की सजा

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे ताकतवर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका की ताकत का जिस तरह इस्तेमाल किया, उससे वैश्विक व्यवस्था में स्थिरता के बजाय अनिश्चितता और टकराव बढ़ा है। कभी युद्ध की धमकी, कभी सैन्य कार्रवाई, कभी व्यापारिक प्रतिबंध तो कभी सहयोगी देशों को टैरिफ लगाने की चेतावनी। ट्रंप की विदेश नीति में कूटनीति और सहमति के मुकाबले दबाव और एकतरफा फैसलों को अधिक महत्व मिला। अब अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में उनकी रिपब्लिकन पार्टी का सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों में बहुमत गंवाना उनकी नीतियों और कार्यशैली पर जनता की नाराजगी का बड़ा संकेत है। ईरान के साथ अमेरिका और इजराइल का युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। परमाणु कार्यक्रम और सुरक्षा चिंताओं के नाम पर शुरू हुआ सैन्य टकराव लंबा खिंच गया। इसके परिणाम केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहे। खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई, कच्चे तेल की कीमतों और परिवहन लागत पर दबाव बढ़ा तथा दुनिया के अनेक देशों में महंगाई की चिंता गहराई। अमेरिका में भी पेट्रोल और रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतें मतदाताओं के असंतोष का कारण बनीं। वेनेजुएला के मामले में भी ट्रंप प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में रही। किसी संप्रभु देश के राष्ट्रपति को सैन्य अभियान के जरिए हटाना और उसके संसाधनों में अमेरिकी हितों की खुली बात करना अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की सीमाओं पर गंभीर बहस पैदा करता है। इजराइल और गाजा के मामले में भी ट्रंप की नीति विरोधाभासों से घिरी रही। उन्होंने युद्धविराम और शांति योजना के प्रयास किए, लेकिन गाजा में हिंसा पूरी तरह नहीं रुकी। दूसरी ओर, इजराइल को अमेरिकी सैन्य सहायता और हथियारों की आपूर्ति जारी रखने की नीति ने वाशिंगटन में भी सवाल खड़े किए। रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भी ट्रंप की नीति में निरंतरता का अभाव दिखाई दिया। कभी 24 घंटे में युद्ध समाप्त कराने का दावा, कभी यूक्रेन पर समझौते के लिए दबाव और कभी रूस के प्रति नरम रुख के संकेत। इससे यूरोपीय सहयोगियों के बीच अमेरिकी प्रतिबद्धता को लेकर चिंता बढ़ी। नाटो और पारंपरिक मित्र देशों के साथ भी ट्रंप का टकरावपूर्ण रवैया भरोसे को प्रभावित करता रहा। भारत समेत कई व्यापारिक साझेदारों को अमेरिकी शुल्क और आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ा। ट्रंप का तर्क रहा कि इससे अमेरिकी उद्योग और रोजगार को संरक्षण मिलेगा, लेकिन आयात महंगा होने का बोझ अंततः अमेरिकी उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भी पड़ता है। व्यापारिक रिश्तों को सहयोग के बजाय दबाव का माध्यम बनाने से वैश्विक निवेश और आपूर्ति श्रृंखलाओं में अनिश्चितता बढ़ी। मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेट्स को दोनों सदनों में बहुमत मिलना इसी व्यापक असंतोष की राजनीतिक अभिव्यक्ति है। अब विपक्ष को ट्रंप प्रशासन की नीतियों की जांच, सैन्य कार्रवाई पर सवाल और आर्थिक फैसलों की समीक्षा करने का अधिक अवसर मिलेगा। लोकतंत्र में राष्ट्रपति की शक्ति जनता की सहमति और संवैधानिक संस्थाओं की निगरानी से संचालित होती है। ट्रंप को समझना होगा कि अमेरिका की ताकत का अर्थ दुनिया को अपनी शर्तों पर चलाना नहीं है। युद्ध, व्यापार और कूटनीति में दबाव के बजाय संवाद, भरोसे और साझेदारी को प्राथमिकता देनी होगी। दुनिया को महाशक्ति की मनमानी नहीं, जिम्मेदार नेतृत्व की जरूरत है।



विश्लेषण

राज कुमार सिन्हा

विपक्षी एकता के केंद्र में राहुल गांधी

इंडिया गठबंधन की रैली भारतीय राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह रैली केवल चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठाए गए सवालों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसने विपक्षी राजनीति में नेतृत्व, एकजुटता और भविष्य की रणनीति से जुड़े कई सवालों को भी सामने रखा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने इसे केवल राजनीतिक लड़ाई नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की सीधी जंग बताया है। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, फारूक अब्दुल्ला और वामपंथी दलों के नेताओं की मौजूदगी ने विपक्षी एकजुटता का संदेश दिया है।

दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित विपक्षी इंडिया गठबंधन की रैली भारतीय राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह रैली केवल चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठाए गए सवालों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसने विपक्षी राजनीति में नेतृत्व, एकजुटता और भविष्य की रणनीति से जुड़े कई सवालों को भी सामने रखा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने इसे केवल राजनीतिक लड़ाई नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की सीधी जंग बताया है। कांग्रेस का मानना है कि इस मुद्दे का जुड़ाव सीधे आम जनता के भविष्य और अधिकारों से है। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, फारूक अब्दुल्ला और वामपंथी दलों के नेताओं की मौजूदगी ने विपक्षी एकजुटता का संदेश दिया है।

इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण राजनीतिक पहलू यह रहा कि विभिन्न विचारधाराओं, क्षेत्रीय हितों और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं वाले दल एक साझा मंच पर दिखाई दिए। राहुल गांधी इस आयोजन के प्रमुख चेहरों में शामिल रहे। इससे यह बहस तेज हुई है कि क्या राहुल गांधी अब विपक्ष के सर्वमान्य नेता के रूप में उभर रहे हैं? राहुल गांधी की राजनीतिक भूमिका को समझने के लिए पिछले कुछ वर्षों के घटनाक्रम पर नजर डालना जरूरी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की पराजय के बाद उनके नेतृत्व को लेकर पार्टी के भीतर और बाहर सवाल उठे थे। भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में जनता के बीच पहुंचने की कोशिश की थी। इन यात्राओं ने उन्हें केवल कांग्रेस के नेता के बजाय राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श में एक सक्रिय विपक्षी चेहरे के रूप में स्थापित करने में भूमिका निभाई। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद उनकी राजनीतिक स्थिति में एक और महत्वपूर्ण बदलाव आया, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद मिलने से उन्हें संवैधानिक और संसदीय स्तर पर विपक्ष की आवाज उठाने की औपचारिक जिम्मेदारी मिली। संसद में उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई, किसानों, सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता जैसे मुद्दों को लगातार उठाया है। दिल्ली की रैली में उनकी भूमिका इसी राजनीतिक यात्रा की अगली कड़ी के रूप में देखी जा सकती है। रैली में विपक्ष के कई बड़े नेताओं की उपस्थिति के बावजूद राहुल गांधी प्रमुख वक्ता और आंदोलन के केंद्रीय चेहरों में शामिल रहे। भारतीय राजनीति में विपक्षी एकता की सबसे बड़ी चुनौती हमेशा नेतृत्व और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं का टकराव रही है। कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है, लेकिन कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों का अपना मजबूत जनाधार और राजनीतिक प्रभाव है। ममता बनर्जी और अखिलेश यादव जैसे नेताओं की अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान और संगठनात्मक ताकत है। इसलिए विपक्षी नेतृत्व का सवाल अभी भी गठबंधन के भीतर राजनीतिक सहमति और व्यवहारिक तालमेल से जुड़ा हुआ है। यहां एक महत्वपूर्ण बात समझना जरूरी है कि मतदाता सूची में इतनी बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने की प्रक्रिया में



पारदर्शिता, प्रभावित मतदाताओं को सुनवाई का अवसर और शिकायतों के त्वरित समाधान की व्यवस्था होना लोकतंत्र के लिए अनिवार्य है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे को विपक्षी राजनीति के केंद्र में लाकर चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता और नागरिकों के मताधिकार को एक बड़े राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाया है। विपक्ष के लिए यह केवल सत्ता पक्ष का विरोध करने का मुद्दा नहीं, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग भी है। कांग्रेस में राहुल गांधी की केंद्रीय राजनीतिक भूमिका स्पष्ट है। इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता उनके साथ साझा मंचों पर दिखाई दे रहे हैं। वहीं, देशभर में यात्राओं, संसदीय बहसों और सार्वजनिक अभियानों के माध्यम से उन्होंने अपनी राजनीतिक उपस्थिति बढ़ाई है। लेकिन विपक्ष का सर्वमान्य नेता बनने के रास्ते में कुछ चुनौतियां भी हैं। कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के बीच सीटों के बंटवारे, राज्यों में आपसी प्रतिस्पर्धा, नेतृत्व की भूमिका और चुनावी रणनीति को लेकर मतभेद सामने आते रहे हैं। इसके अलावा गठबंधन के भीतर ममता बनर्जी और अन्य क्षेत्रीय नेताओं की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसलिए राहुल गांधी की बढ़ती केंद्रीय भूमिका को विपक्षी नेतृत्व के प्रश्न का महत्वपूर्ण घटनाक्रम तो माना जा सकता है, लेकिन भविष्य में सभी दलों को लेकर चलना महत्वपूर्ण कसौटी होगा। भारतीय लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष की भूमिका केवल सरकार की आलोचना करना नहीं है। विपक्ष को जनता के सामने वैकल्पिक नीतियां, कार्यक्रम और शासन का स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी जरूरी है।

आज देश के सामने बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आर्थिक स्थिति, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, बढ़ती आर्थिक असमानता, पर्यावरण संकट और सामाजिक तनाव जैसी अनेक चुनौतियां हैं। विपक्ष यदि इन मुद्दों पर साझा कार्यक्रम तैयार करता है, तो उसकी राजनीतिक प्रासंगिकता केवल चुनावी विरोध तक सीमित नहीं रहेगी। राहुल गांधी के सामने भी यही सबसे बड़ी चुनौती है। उन्हें यह स्पष्ट करना होगा कि विपक्ष सत्ता में आने की स्थिति में रोजगार, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, संघीय ढांचे और सामाजिक न्याय के सवालों पर क्या वैकल्पिक नीतियां अपनाएगा। इसके साथ ही कांग्रेस को भी अपने संगठन को मजबूत करना होगा। विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों के साथ सम्मानजनक संबंध, सीटों के बंटवारे में व्यावहारिक समझौते और साझा कार्यक्रम की प्रतिबद्धता जरूरी होगी।

दिल्ली के रामलीला मैदान की रैली ने विपक्षी राजनीति में राहुल गांधी की केंद्रीय भूमिका को एक बार फिर रेखांकित किया है। यह आयोजन इस बात का संकेत है कि विपक्ष के कई प्रमुख दल लोकतांत्रिक संस्थाओं और मताधिकार से जुड़े मुद्दों पर राहुल गांधी के साथ खड़े होने को तैयार हैं। राहुल गांधी के लिए यह अवसर भी है और चुनौती भी। यदि वे विपक्षी दलों के बीच भरोसा कायम करने, क्षेत्रीय नेतृत्व को साथ लेकर चलने और जनता के सामने एक विश्वसनीय वैकल्पिक राजनीतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने में सफल होते हैं, तो उनकी नेतृत्वकारी भूमिका और मजबूत हो सकती है। लोकतंत्र में विपक्ष का मजबूत होना उतना ही जरूरी है, जितना सत्ता पक्ष का जवाबदेह होना। इसलिए दिल्ली की रैली का वास्तविक महत्व किसी एक नेता की राजनीतिक प्रतिष्ठा से आगे बढ़कर इस सवाल में निहित है कि क्या भारत का विपक्ष अपनी विविधताओं के बावजूद एक साझा लोकतांत्रिक और राजनीतिक विकल्प तैयार कर पाएगा?

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

पंकज चतुर्वेदी




ग्रीन पटाखे : पर्यावरण का सच या नया छलावा

बीते एक दशक से दिल्ली एनसीआर में दीपावली और खुशियों के बीच अदालत के बारास्त आतिशबाजी खड़ी हो जाती है। इसमें कोई शक नहीं कि दिवाली नज़दीक आते ही सांसों पर संकट छा जाता हैं, लेकिन यह भी कड़वा सच है कि दिल्ली और उसके आसपास वायु प्रदूषण तो पूरे साल रहता है और शहर के लोग अपनी आदतें बदलने की जगह कभी आतिशबाजी तो कभी पराली के सर दोष मढ़ते रहते हैं। उच्चतम न्यायालय ने इस साल भी कड़ा संदेश दे दिया कि दूसरों के जीवन की कीमत पर आतिशबाजी दागने की छूट नहीं दी जा सकती है। कोर्ट ने केवल दो दिन के लिए कुछ घंटों के लिए ग्रीन- क्रेकर या पर्यावरण- मित्र आतिशबाजी की अनुमति दी हैं। वैसे पिछले कई सालों से दीपावली पर अदालत के आदेश धुएं में उड़ते दिखते हैं, वहीं ग्रीट-पटाखे "गुड़ खाकर गुलगुले से परहेज करने" जैसे हैं। जिन कारणों से आतिशबाजी पर पूरी पाबंदी की बात होती हैं, ये ग्रीन पटाखे उन मानदंडों पर बस उन्नीस ही रहते हैं। एक बात समझ लें कि भले ही उनका नाम "ग्रीन पटाखा " है लेकिन सच यह है कि ग्रीन पटाखे भी उतने "ग्रीन" नहीं जितना नाम से लगता है। सामान्य पटाखों में बैरियम नाइट्रेट, सल्फर, एल्युमिनियम और पोटैशियम नाइट्रेट जैसे रसायन होते हैं जो जलने पर ज़हरीली गैसें छोड़ते हैं। ग्रीन पटाखों में इन्हीं रसायनों की मात्रा कम रखी जाती है या कुछ जगह उनके स्थान पर कम हानिकारक यौगिकों का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हें भारत सरकार की वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर और नीरी अर्थात 'वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान' ने विकसित किया था, ताकि पारंपरिक पटाखों से 30 प्रतिशत तक कम प्रदूषण हो। ग्रीन पटाखे तीन किस्म के विकसित किए गए थे। पहली श्रेणी है 'स्वास' या 'सेफ वाटर रिलीजर'। ये जलने पर जल वाष्प छोड़ते हैं, जो धूल के कणों को दबाने में मदद करता है। इसमें सल्फर और पोटेशियम नाइट्रेट का उपयोग नहीं होता। 'स्टार' को ' सेफ थरमाईट क्रेकर' कहा जाता है।

इनमें पोटेशियम नाइट्रेट और सल्फर नहीं होता। ये कम शोर के साथ पीएम कणों को कम उत्सर्जित करते हैं। तीसरे तरह की 'सफल' आतिशबाजी यानि 'सेफ मिनिमम एल्युमियम' में पारंपरिक पटाखों में इस्तेमाल एल्युमीनियम की मात्रा को काफी कम रखा जाता है, या मैग्नीशियम जैसे विकल्प का उपयोग होता है। चूंकि इस तरह की आतिशबाजी को बनाना थोड़ा महंगा होता है सो अधिकांश बाजार महज लेबल लगाकर पारंपरिक आतिशबाजी बेचता है। विदित हो कि साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने पारंपरिक पटाखों पर रोक लगाकर केवल "ग्रीन पटाखों" को अनुमति दी थी। तभी से असल बाजार में जो पटाखे बिक रहे हैं, उनमें से ज़्यादातर नकली या बिना प्रमाणित हैं। यानी नीति बनी, पर निगरानी नहीं हुई। यदि रासायनिक सम्मिश्रण की बात की जाए तो ग्रीन पटाखों में भले बैरियम न हो, लेकिन अमोनियम और एल्युमिनियम यौगिकों के जलने से निकलने वाले सूक्ष्म धात्विक कण यथावत हैं। ये कण शरीर के भीतर जाकर फेफड़ों में सूजन, सिरदर्द और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं बढ़ाते हैं। कथित ग्रीन पटाखे में पोटैशियम नाइट्रेट, अमोनियम नाइट्रेट और एल्युमिनियम पाउडर का इस्तेमाल होता है और इनके जलने से भी नाइट्रोजन ऑक्साइड और एल्युमिनियम ऑक्साइड उत्सर्जित होते हैं जो फेफड़ों, आंखों और त्वचा के लिए हानिकारक हैं। विदित हो अमोनियम नाइट्रेट कई देशों में विस्फोटक पदार्थ के रूप में प्रतिबंधित है; इससे अमोनिया और नाइट्रस ऑक्साइड हैं। कोई भी दहन-आधारित प्रक्रिया, जिसमें पटाखों का जलना शामिल है, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों का उत्सर्जन करती है। ग्रीन पटाखों में भी दहन के लिए जिस सामग्री का इस्तेमाल होता है, उससे कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित होती ही हैं, हां कहा जा सकता हैं कि पारम्परिक आतिशबाजी से कोई 30 फीसदी कम। यही नहीं पिछले कुछ वर्षों में हुए परीक्षणों में पाया गया कि ग्रीन पटाखे भी पीएम -2.5 और पीएम -10 कणों का स्तर 20 से 25 प्रतिशत बढ़ा देते हैं। ग्रीन पटाखे पारंपरिक पटाखों से कुछ कम हानिकारक जरूर हैं, लेकिन पर्यावरण के लिए सुरक्षित नहीं। यह एक दिखावटी सुधार है, असली समाधान नहीं। जब तक हमारी सोच "कम प्रदूषण" से आगे बढ़कर "बिना प्रदूषण" की दिशा में नहीं जाएगी, तब तक हर दीवाली हमारी हवा में और ज़हर घोलेगी। सरकार और समाज दोनों को इस दिशा में जागरूक होना होगा, तभी "ग्रीन दीवाली" वास्तव में हरी-भरी और स्वस्थ होगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अनासक्त हुए बिना करें दूसरों की भलाई



संकलित

दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है।

गुरु नानक के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित

प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

अंतर्मन



आज की पाती

देश-दुनिया में बढ़ रही बेरोजगारी की समस्या

बेरोजगारी की समस्या हमारे देश के लिए ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लिए चुनौती बन रही है, क्योंकि इसका एक तो मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या और दूसरा मशीनीकरण है। जनसंख्या जिस हिसाब से बढ़ रही है, उस हिसाब से रोजगार अवसर नहीं बढ़ रहे हैं। दूसरा फैक्टरी, कंपनी, खेत या अन्य किसी भी जगह पर जिस काम को दस लोग करते थे, अब उसी काम को मशीन द्वारा एक ही व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में लाजिमी है कि देश-दुनिया में बेरोजगारी की लाइन बढ़ती जाए।

-मनिता शर्मा, अंबाला

ट्रेंड

छत्तीसगढ़ नक्सल-मुक्त



दशकों तक माओवादियों ने छत्तीसगढ़ को हिंसा के अंधेरे में धकेले रखा, जबकि कांग्रेस सरकारों ने उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यही छत्तीसगढ़ नक्सल-मुक्त होकर विकास, सुशासन और जनसेवा का पर्याय बन रहा है। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

पंजाब में नशा



पंजाब ने 'आप' पर भरोसा किया, मान पर भरोसा किया। वादा यह था- हम नशों को जड़ से खत्म कर देंगे। पंजाब के किस कोने से आपने नशों को खत्म किया है? पंजाब को एक ऐसा सीएम चाहिए जो यहां के दर्द को समझे, पूरी ताकत से नशों के खिलाफ लड़े। - राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

बीजेपी की बी-टीम



आम आदमी पार्टी, 'बीजेपी की बी-टीम' है। कांग्रेस जहां भी चुनाव लड़ने जाती है, 'आप' वहां पहुंचकर पूरा समीकरण बिगाड़ देती है। हम गुजरात में जीत रहे थे, लेकिन 'आप' ने वहां खेल बिगाड़ दिया। हम गोवा में भी जीत रहे थे, वहां भी सब गड़बड़ कर दिया। - मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी



अग्निवीरों के लिए 'सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी' को मंजूरी मिलने से युवाओं को राष्ट्र सेवा से जुड़े रहने का एक नया अवसर मिलेगा। जो अग्निवीर अपना शुरुआती चार साल का कार्यकाल पूरा कर लेंगे, वे अब सेना में दो और साल तक सेवा दे सकेंगे।

-परवेश साहिब सिंह, कैबिनेट मंत्री, दिल्ली

करंट अफेयर

ब्रिटेन में भारतीय छात्रों को बढ़ावा देने के लिए समझौता

ब्रिटेन में भारतीय छात्रों के एक प्रमुख संगठन और लंदन मेट्रोपॉलिटन विश्वविद्यालय ने छात्रों के शैक्षणिक सफर, रोजगार के अवसरों, अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और नीतिगत सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता किया है। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनी यूनियन (एनआईएसएयू) यूके ने बताया कि आमतौर पर लंदन मेट के नाम से लोकप्रिय इस विश्वविद्यालय के साथ पिछले सप्ताह हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में आयोजित एक समारोह में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।



संगठन के अनुसार, इस साझेदारी के तहत दोनों देशों के शैक्षणिक संस्थानों, नियोक्ताओं और नीति निर्माताओं को एक साथ लाने वाले 'ट्रिपल हेलिक्स मॉडल' पर काम किया जाएगा। लंदन मेट्रोपॉलिटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर जूली हॉल ने कहा, लंदन मेट में हमारा उद्देश्य हमेशा स्पष्ट रहा है। हम शिक्षा के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''हमारी कोशिश है कि हमारे समुदाय, दृष्टिकोण और साझेदारियों में भी यह विविधता प्रतिबिंबित हो।

ऑफ बीट

उपग्रहों का शोर दूरबीनों और जीपीएस को कर रहा बाधित

एक दशक से भी कम समय पहले पृथ्वी की कक्षा में करीब 2,000 सक्रिय उपग्रह थे। आज इनकी संख्या बढ़कर 15,000 से अधिक हो गई है। आने वाले समय में लाखों और उपग्रह भेजने की योजना है। इन उपग्रहों से पैदा होने वाली 'अंतरिक्ष अपशिष्ट' की समस्या पर काफी चर्चा हुई है। लेकिन एक दूसरी समस्या पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। इन उपग्रहों से निकलने वाला रेडियो शोर उन दूरबीनों को प्रभावित कर रहा है, जो ब्रह्मांड को समझने में हमारी मदद करती हैं। इससे जीपीएस को सही ढंग से काम करने में मदद देने वाले माप भी गलत हो रहे हैं। राहत की बात यह है कि इस समस्या को ठीक करने का एक तरीका है, बशर्ते हम अभी कदम उठाएं। रेडियो दूरबीनें उन संकेतों को पकड़ सकती हैं, जो बिग बैंग के कुछ समय बाद पैदा हुए थे। इनकी मदद से खगोलविद प्रारंभिक ब्रह्मांड और पिछले 13.8 अरब वर्ष में इसके विकास को समझ पाते हैं। रेडियो दूरबीनें बहुत दूर स्थित आकाशगंगाओं की सटीक स्थिति का पता लगाने में भी मदद करती हैं। इन आकाशगंगाओं को आधार बनाकर पृथ्वी पर जीपीएस जैसी तकनीकों को अधिक सटीक बनाया जाता है।



हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20

ई-मेल : haribhoomi@gmail.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

चैंपियन रायबाकिना के लिए राह मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की नंबर 1 और डिफेंडिंग चैंपियन एलेना रायबाकिना को डब्ल्यूटीए फाइनल्स के नॉकआउट स्टेज तक पहुंचने के लिए मुश्किल रास्ता दिया गया है। 27 साल की इस खिलाड़ी को ग्रुप 1 में कोको गॉफ और जेसिका पेगुला की अमेरिकी जोड़ी और विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा के साथ रखा गया है। इस इवेंट में दुनिया की टॉप 8 महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो चार-खिलाड़ियों के ग्रुप में बांटा गया है, जो 8 नवंबर से शुरू होने वाले राउंड-रॉबिन इवेंट में आमने-सामने होंगी, जिससे चार सेमीफाइनलिस्ट तय होंगे। सेमीफाइनल 14 नवंबर को खेले जाएंगे, और जीतने वाली टीमें 15 नवंबर को टाइटल के लिए आमने-सामने होंगी।

- 8 नवंबर से मैदान पर उतरेगी शीर्ष आठ खिलाड़ी
- ग्रुप-1 में गॉफ, पेगुला और नोस्कोवा की चुनौती

पिछले दो मेजर चैंपियन, रायबाकिना और नोस्कोवा के बीच 2026 की पहली मुलाकात, डब्ल्यूटीए फाइनल्स की शुरुआत होगी। मार्च में इंडियन वेल्स चैंपियनशिप मैच में आर्यना सबालेंका से हारने वाली रायबाकिना 2013-14 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स टाइटल को सफलतापूर्वक डिफेंड करना चाहती हैं।



पहला वनडे : भारत ने कीवी टीम को हराकर सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

तूफानी रफ्तार और 'किंग' कोहली का जलवा, न्यूजीलैंड पांच विकेट से पस्त

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

तेज गेंदबाजों के कमाल और विराट कोहली की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने बुधवार को बारिश से प्रभावित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (70 रन देकर 4 विकेट), गुरनूर बराड़ (44 रन देकर 3) और अंशुल कंबोज (10 ओवर में 22 रन देकर 2) ने मिलकर 9 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 40.2 ओवर में 185 रन पर ढेर कर दिया।



बारिश के कारण रूका मैच

बारिश के व्यवधान से एक घंटे से अधिक समय तक खेल नहीं हो पाने के कारण भारत के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में 167 रन का लक्ष्य रखा गया। इसके बाद 2.1 ओवर का खेल ही हो पाया था कि फिर से बारिश आ गई। खेल शुरू होने पर भारत को 32 ओवर में 143 रन का लक्ष्य दिया गया। भारत ने कोहली (51 गेंद पर 74 रन, 13 चौके, एक छक्का) और कप्तान शुभमन गिल (37) के बीच दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की मदद से 22.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया।

11वें नंबर पर टिकनर की तूफानी पारी

न्यूजीलैंड की तरफ से सीफर्ट ने सर्वाधिक 38 रन बनाए जबकि 11वें नंबर के बल्लेबाज टिकनर ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 4 छक्कों की मदद से 34 और ग्लेन फिलिप्स ने 30 रन का योगदान दिया। अर्शदीप ने एकदम सही लैंथ पर गेंदबाजी की जबकि गुरनूर और कंबोज में बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया। अंशुल ने बेहद किफायती गेंदबाजी की। उनकी 48 गेंद पर कोई रन नहीं बना। अर्शदीप ने पावरप्ले के अंदर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड पहले 10 ओवरों में दो विकेट खोकर 45 रन ही बना पाया। गुरनूर के दो विकेट में लैथम का विकेट भी शामिल था, जिनका उन्होंने अपनी ही गेंद पर एक हाथ से रिटर्न कैच लिया।

शून्य पर आउट हुए रोहित

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया, जो खाता भी नहीं खोल पाए। रोहित ने काइल जैमीसन की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर ड्राइव करने के प्रयास में मिड ऑफ पर खड़े मिचेल सैंटनर को कैच थमा दिया।

भारत के 22 रन के अंदर गिरे 4 विकेट

भारत ने हालांकि जिस तरह से 22 रन के अंदर चार विकेट गंवाए वह टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय हो सकता है। पहली बार जब बारिश के कारण खेल रुका तब भारत ने एक विकेट पर 54 रन बनाए थे। दूसरे व्यवधान के समय उसका स्कोर 1 विकेट पर 64 रन था। भारतीय बल्लेबाजों विशेषकर कोहली ने दो बार व्यवधान के बावजूद अपनी एकाग्रता भंग नहीं होने दी और सहजता से रन बटोरे। कोहली शुरू से आक्रामक होकर खेल रहे थे और उन्होंने चौकों की झड़ी लगाने में कोताही नहीं बरती। अब केवल वनडे प्रारुप में खेलने वाले कोहली ने ब्लेयर टिकनर की गेंद पर छक्का लगाया और इसी गेंदबाज के अगले ओवर में चौका लगाकर 35 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

रग्बी खिलाड़ी मेलामु ने कोहली, रोहित और गिल को भेंट की विशेष जर्सी



ऑकलैंड। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच से पूर्व रग्बी के दिग्गज खिलाड़ी केवन मेलामु से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें रग्बी टीम की विशेष जर्सी भेंट की। न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम के लिए 132 मैच खेलने वाले मेलामु ऑल ब्लैक्स (न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम) के इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने टीम की कप्तानी भी की थी। मेलामु 2011 और 2015 में रग्बी विश्व कप जीतने वाली टीमों के एक प्रमुख सदस्य रहे। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले भारत के तीनों खिलाड़ियों को विशेष जर्सी भेंट की।

कोहली से आगे निकले गिल

गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 37 रन बनाकर कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया और बतौर कप्तान वनडे की पहली 15 पारियों में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने। गिल ने वनडे में बतौर कप्तान अब तक 15 पारियों में 81 की औसत से कुल 975 रन बनाए हैं तो वहीं विराट कोहली ने कप्तान के तौर पर वनडे में अपनी पहली 15 पारियों में 75 की औसत से 972 रन बनाए थे। वहीं इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर भी हैं, जिन्होंने पहली 15 पारियों में 52 की औसत के कप्तान के तौर पर कुल 728 रन बनाए थे। रोहित शर्मा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने बतौर कप्तान वनडे की पहली 15 इनिंग में 63 के एवरेज से 697 रन बनाए थे जबकि 5वें नंबर पर मौजूद मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 62 की औसत से इतनी पारियों में कुल 620 रन बनाए थे।

पेरिस मास्टर्स : जोकोविच ने वैचेरोट को दी मात



पेरिस। रिकॉर्ड सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में खराब शुरुआत से उबरकर जीत हासिल की। पुरुषों के रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने पहले दौर में वैलेंटीन वैचेरोट को 6-7 (5), 7-5, 6-1 से हराया। जोकोविच ने अपने करियर का 103वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर की बराबरी करने की कोशिश कर रहे हैं। रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है जिन्होंने 109 खिताब जीते हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने कैमरन नॉरी को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने बेंजामिन बोंजी पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में फ्रांस के मोइज कौमे को नूनो बोर्गेस से 6-3, 6-1 से और 2022 के चैंपियन होल्गर रूने को 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से 7-5, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

खबर संक्षेप



विश्व चैंपियनशिप में भारत को झटका, शांभवी अयोग्य करार

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाजी दल को दोहा आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के दौरान करारा झटका लगा जब राइफल निशानेबाज शांभवी क्षीरसागर को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा से अयोग्य करार दिया गया। प्रतियोगिता में भाग ले रही 63 टीमों (126 निशानेबाजों) में से सिर्फ भारतीय जोड़ी पार्थ माने और शांभवी को ही अयोग्य करार दिया गया। पांच महीने में दूसरी बार शांभवी उपकरण संबंधी नियमों के उल्लंघन की दोषी पाई गई हैं। इससे पहले जून में जर्मनी में जूनियर विश्व चैम्पियनशिप के दौरान भी वह इसी तरह अयोग्य करार दी गई थी। दोहा विश्व चैंपियनशिप से 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के क्वालीफिकेशन चक्र की शुरुआत भी होगी। मिश्रित टीम वर्ग में ओलंपिक कोटा नहीं मिलेंगे और कोटे सिर्फ व्यक्तिगत श्रेणी में उपलब्ध हैं।

कोरिया ओपन : दूसरे दौर में अनमोल और तन्वी, प्रणय हारे

यिओसु। भारत की अनमोल खरब और तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अनमोल ने पहले दौर के मुकाबले में कनाडा की रेचल चान को सीधे गेम में 21-19, 21-18 से हराया। उन्हें अगले दौर में जापान की दूसरी वरीय अकाने यामागुची की कड़ी चुनौती का सानमा करना है। ताइपे ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाली तन्वी ने दूसरा गेम गंवाने के बाद कड़े मुकाबले में जापान की मनामी सुइजु को 21-16, 12-21, 21-17 से हराया। तन्वी अगले दौर में जापान की पांचवीं वरयी हिना अकेची और चीन की शू वेन जिंग के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। एचएस प्रणय को पुरुष एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ 15-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में ध्रुव और मनीषा की जोड़ी को भी कड़े मुकाबले में झू यी जुन और ली चियान की चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ 22-20, 12-21, 22-24 से शिकस्त झेलनी पड़ी।



रणजी ट्रॉफी : चिन्मय सुतार ने 8 दिन में तोड़ा तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड

400 के बाद अब लगातार दो शतक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चिन्मय सुतार का रणजी ट्रॉफी रनों का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी है। उन्होंने चौथे राउंड में मिजोरम की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में 175 रन की पारी खेली। यह उनका चार फर्स्ट क्लास मैचों में लगातार तीसरा शतक रहा। वे पहले मुकाबले में महज एक रन से शतक से चूक गए थे और 99 पर आउट हो गए थे। इन पारियों के जरिए चिन्मय सुतार फर्स्ट क्लास क्रिकेट में रनों के नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। उन्होंने 11 अक्टूबर को मणिपुर के खिलाफ मुकाबले से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कदम रखा था। पिछले 8 दिनों यानी 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक उन्होंने चार विश्व रिकॉर्ड फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बना दिए।

चिन्मय ने 28 अक्टूबर को मिजोरम और मेघालय के बीच मैच के दौरान 125 रन की पारी खेली। यह उनका दूसरा शतक रहा। इससे लगातार चार फर्स्ट क्लास पारियों में वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने विल पोंसफॉर्ड का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने चार फर्स्ट क्लास पारियों में 429, 162, 19 और 6 रन के स्कोर के जरिए कुल 616 रन बनाए थे। चिन्मय ने 35, 99, 400 और 125 रन के जरिए लगातार चार फर्स्ट क्लास पारियों में 659 रन बना दिए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू के चार पारियों में यह सर्वाधिक रन का वर्ल्ड रिकॉर्ड रहा।

19 नवंबर से महिला चैंपियंस ट्रॉफी भारत का पहला मैच मलेशिया से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में लगातार तीसरा और कुल मिलाकर चौथा खिताब जीतने की कवायद में 19 नवंबर से भोपाल में शुरू होने वाले 6 देशों के टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह टूर्नामेंट भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में बने नए हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें भारत, जापान, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की टीमें भाग लेंगी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम का यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम ने 2016, 2023 और 2024 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेला जाएगा, जिसमें प्रत्येक टीम अन्य पांच टीमों से एक बार भिड़ेंगी। लीग चरण के अंत में शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।



भारत ने द. कोरिया को 8-1 से रौंदकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में बनाई जगह

मोहाली (भाषा)। पांच बार की चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह के दो दो गोल की मदद से बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को 8-1 से करारी शिकस्त देकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया। भारत के लिए लाकड़ा ने चौथे और 13वें मिनट जबकि दिलप्रीत ने 21वें और 25वें मिनट में दो दो गोल किए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने नौवें मिनट में, सुखजीत सिंह ने 21वें मिनट में, अंगद बीर सिंह ने 36वें मिनट में और विवेक सागर प्रसाद ने 54वें मिनट में गोल किए जिससे भारत ने रिकॉर्ड सातवीं बार इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। दक्षिण कोरिया के लिए एकमात्र गोल सांगजुन हान ने नौवें मिनट में किया। भारत का सामना बृहस्पतिवार को फाइनल में जापान से होगा। जापान ने दिन के पहले सेमीफाइनल में निर्धारित समय तक मलेशिया के खिलाफ गोलरहित बराबरी रहने के बाद शूटआउट में 5-3 से जीत दर्ज की। भारत ने राउंड रॉबिन चरण में भी दक्षिण कोरिया को 8-0 से हराया था। मेजबान टीम टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही है। उसने छह टीम के राउंड रॉबिन मुकाबलों में अपने सभी पांच मैच जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत ने हाफ टाइम तक 6-1 की बड़ी बढ़त बना ली थी।

55 किलो वर्ग में हासिल किया पहला स्थान, विश्व कुश्ती रैंकिंग में शीर्ष पर

रोहतक के ललित बने वर्ल्ड का नंबर वन पहलवान

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने हाल ही में अस्ताना, कजाकिस्तान में आयोजित हुई 2026 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के समाप्त होने के बाद नवीनतम विश्व रैंकिंग जारी कर दी है। इसमे हरियाणा के पहलवान ललित ने 55 किलोग्राम में पहली रैंक हासिल की। ललित मूलरूप से पानीपत का निवासी है लेकिन रोहतक के खेड़ी साध में रहता है। खेल की दुनिया में सफलता केवल पसीने से नहीं, बल्कि कई बार आंसुओं और अटूट धैर्य से भी लिखी जाती है। पानीपत के रहने वाले युवा पहलवान ललित की कहानी कुछ ऐसी ही है। जीवन के कठिनतम मोड़ों पर जब अपनों का साथ छूटा, तो ललित ने कुश्ती के अखाड़े की मिट्टी को ही अपना हमसफर बना लिया। आज अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर उन्होंने न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता है, बल्कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल भी पेश की है। ललित 55 किलोग्राम में वर्ल्ड के नंबर वन के पहलवान बन गए हैं। ललित ने अपनी खेल यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने वर्ष 2015 में कुश्ती की शुरुआत की थी। उस समय वे गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। वहां अन्य बच्चों को कुश्ती के दांव-पेंच लड़ाते देख ललित के मन में भी इस खेल के प्रति रुचि पैदा हुई। यहीं से उनके पेशेवर पहलवान बनने का सपना शुरू हुआ। लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। ललित का जीवन व्यक्तिगत त्रासदियों और संघर्षों से भरा रहा है। उन्होंने बताया कि जब वे बहुत छोटे थे, तभी उनकी माता सुनीता का देहांत हो गया था। मां के आंचल की कमी को उन्होंने खेल के जुनून से भरने की कोशिश की। जीवन का सबसे कठिन समय वर्ष 2023 में आया। ललित अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना होने वाले थे, तभी उनके पिता रामकर्ण का साया भी उनके सिर से उठ गया।



पिता के निधन के बाद भी नहीं मानी हार

पिता के निधन के गम के बीच ललित ने खुद को संभाला और अंतरराष्ट्रीय मैट पर उतरे। उन्होंने न केवल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, बल्कि अपनी मेहनत को सार्थक करते हुए कांस्य पदक जीतकर देश और अपने दिवंगत माता-पिता का नाम रोशन किया। ललित अपनी सफलता का एक बड़ा श्रेय ताऊ इंदर सिंह सहरावत, ईशवर सहरावत और साथी विजय गहलावत को देते हैं। इन सभी ने मेरे जीवन के सबसे बुरे दौर में, खेल और मानसिक मजबूती में जो मदद की, उसी की बदौलत आज मैं इस मुकाम पर पहुँच सका हूँ। उन्होंने बताया कि अबतक 23 नेशनल प्रतियोगिता में पदक जीते हैं। 2023 में एशियन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। 2026 में वर्ल्ड रैंकिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। सीनियर वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में भाग लिया।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने तोड़ा हार का सिलसिला

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने दो गोल से पीछे रहने के बावजूद ओल्ड ट्रैफर्ड में शानदार वापसी करते हुए यूईएफए चैंपियंस लीग में रोमा को 3-2 से हराया। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इस जीत के साथ लगातार 9 मैचों में हार के सिलसिले को समाप्त किया। मटियास सोले ने मेहमान टीम के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद डोनियल मालेन ने पेनल्टी को गोल में बदलकर शुरुआती 17 मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। इन दो गोलों ने मैनचेस्टर यूनाइटेड पर दबाव बढ़ा दिया। यूनाइटेड के खिलाड़ियों को इसके बाद अपने समर्थकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पिच पर हरी टेनिस बॉल फेंकी गई और फुटबॉल डायरेक्टर जेसन विलकॉक्स के खिलाफ नारे लगाए गए। यूनाइटेड की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब मिडफील्डर कार्लोस बालेबा को हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई, जिससे कैरिक की पहले से ही मुश्किल शाम में एक और चिंता बढ़ गई।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28

कुछ देश महासागरों का गलत लाभ उठाना चाहते, क्षेत्रीय सहयोग से ही समाधान संभव

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैश्विक समुद्री सुरक्षा वातावरण में बढ़ते तनाव के बीच, क्षेत्रीय साझेदारों के बीच आपसी निर्भरता और अधिक सुरक्षित तथा मजबूत बनाने का आह्वान किया है। इसके लिए उन्होंने आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने, भरोसेमंद समुद्री बुनियादी ढांचे के निर्माण, समुद्री जागरूकता बढ़ाने और आपसी सहयोग को



मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कुछ पक्ष और देश अपने संकीर्ण और एकतरफा लाभ के लिए महासागरों की इस महत्ता का गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। जानबूझकर व्यापार में बाधाएं पैदा करने से वैश्विक समुद्री सुरक्षा का वातावरण तनावपूर्ण हो गया है। हम नौवहन की स्वतंत्रता के सामने खुली चुनौतियां देख रहे हैं। समुद्री रास्तों को हथियारों की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। समुद्री क्षेत्र में बढ़ती यह अस्थिरता व्यापक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर भी गहरा असर डालती है।

अनुसंधान, शिक्षा और नवाचार पर दिया जोर

रक्षा मंत्री ने अनुसंधान, शिक्षा, नवाचार और क्षमता निर्माण में सहयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी एक देश की मजबूत वैज्ञानिक क्षमता पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि में योगदान दे सकती है। उन्होंने छोटे समुद्री राष्ट्रों और विकासशील देशों के लिए इसे विशेष रूप से बताते हुए कहा कि सबसे उपयोगी तकनीक का जरूरी नहीं; बल्कि वह तकनीक सबसे उपयोगी है जो किसी वास्तविक समस्या का समाधान करे।





केदारताल ट्रैक एवलांच हादसा

6 की मौत, 2 की तलाश जारी, 8 लोग फंसे हुए थे



दीपिका वर्मा वर्तिका वर्मा

एजेंसी ⏭ उत्तरकाशी

उत्तरकाशी के केदारताल ट्रैक पर एवलांच और बर्फबारी की चपेट में आने से लापता 8 लोगों में से अब तक 6 की मौत हो चुकी है। बुधवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान 4 और शव बरामद किए गए। इनमें लखनऊ के गायत्रीपुरम की ट्रैकर बहनें वर्तिका वर्मा और दीपिका वर्मा भी शामिल हैं।

इससे पहले मंगलवार को दो शव मिले थे। अब 2 लापता लोगों की तलाश जारी है। सर्च ऑपरेशन में आईटीबीपी को भी शामिल किया गया है। आईटीबीपी की टीम स्पेशल हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू अभियान चला रही है। वहीं, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, उत्तराखंड पुलिस, वन विभाग और नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (एनआईएम) की टीमें भी लगातार तलाशी में जुटी हैं। बुधवार को हेलिकॉप्टर से 4 शवों को मातली हेलीपैड पर उतारा गया। इसके बाद देहरादून के लिए रवाना हो गया।

बरामद सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल उत्तरकाशी लाया जा रहा है।

वीजा श्रेणियों की संख्या 13 से घटाकर नौ होगी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत की वीजा व्यवस्था को सरल बनाने के मकसद से मुख्य वीजा श्रेणियों की संख्या 13 से घटाकर नौ करने के साथ आवेदन प्रपत्र के 'खानों' की संख्या में 70 प्रतिशत तक कमी करने जा रहा है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 'वीजा नियमावली, 2019' की व्यापक समीक्षा के तहत इसके विभिन्न अध्यायों और परिशिष्टों में संशोधन किए जाने की संभावना है। इसका उद्देश्य वीजा जारी करने की श्रेणियों की संख्या सीमित करना है। इस संबंध में अगस्त में वीजा नियमावली, 2019 के विभिन्न अध्यायों और परिशिष्ट एक तथा दो में संशोधन के लिए बैठक हुई थी।

मुर्गा लड़ाई में जुआ 156 गिरफ्तार, 20 लाख कैश, 47 कारें जब्त

भोपालपटनम। बीजापुर पुलिस ने मुर्गा लड़ाई की आड़ में चल रहे एक बड़े जुए का पर्दाफाश किया है। जिले के रैगुड़ा गांव के जंगल में यह दांव चल रहा था, जहां से पुलिस ने करीब 20 लाख रुपए नगद जब्त करते हुए 156 लोगों पर कार्रवाई की है। मौके पर करीब 47 चारपहिया वाहन यानी कार भी जब्त हुआ है। बीजापुर जिले के थाना भद्राकाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रैगुड़ा के जंगल में मुर्गा बाजार में मुर्गा लड़ाई की आड़ में अवैध तरीके से रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खिलाए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।



